दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः-44
मुरादाबाद
04 June 2024
(Tuesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# लोकसभा चुनाव का आज होगा परिणाम घोषित

लाइव अपडेट के लिए देखें - https://knlslive.com

## चुनाव आयोग ने माना- सोमवार और शुक्रवार को नहीं होना चाहिए मतदान, इसे गर्मी से पहले करा लेने की बात भी सही

सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव कर्मियों के सावधानीपूर्वक और सतर्कतापूर्वक किए गए काम की वजह से हमने कम पुनर्मतदान सुनिश्चित किए। हमने 2019 में 540 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 पुनर्मतदान देखे। इसमें भी 39 में से 25 पुनर्मतदान तो सिर्फ दो राज्यों में हुए। लोकसभा




चुनाव के सात चरणों के मतदान के बाद चार जून यानी कल मतगणना होगी। इससे पहले चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का खड़े होकर अभिनंदन किया। मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने माना कि सोमवार और शुक्रवार को मतदान नहीं कराया जाना चाहिए, क्योंकि इन दिनों के बीचच काफी लंबा अंतर हो जाता है। चुनाव आयोग से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शुक्रवार और सोमवार की बात बिल्कुल सही है। यह भी हमारे लिए सीखने वाली बात है। चुनाव गर्मी से पहले होने चाहिए। मतदान सोमवार और शुक्रवार को नहीं कराए जाने चाहिए। हमने विधानसभा चुनावों में ऐसा ही किया था, लेकिन यह इतनी बड़ी प्रक्रिया है कि हम इस बार इसे नहीं कर पाए। चुनाव आयुक्त ने इसके लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों, परीक्षाएं और सुरक्षा बलों के मूवमेंट को जिम्मेदार ठहराया। सीईसी राजीव कुमार ने यह भी कहा कि हमने 642 मिलियन मतदाताओं का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह सभी जी7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना और यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। उन्होंने कहा कि चुनाव कर्मियों के सावधानीपूर्वक और सतर्कतापूर्वक किए गए काम की वजह से हमने कम पुनर्मतदान सुनिश्चित किए। हमने 2019 में 540 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 पुनर्मतदान देखे। इसमें भी 39 में से 25 पुनर्मतदान तो सिर्फ दो राज्यों में हुए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह उन आम चुनावों में से एक है, जिसमें हमने हिंसा नहीं देखी। यह हमारी दो साल की तैयारी का परिणाम है। निर्वाचन आयुक्तों को सोशल मीडिया पर कुछ मीम में 'लापता जेंटलमैन' नाम दिए जाने के संदर्भ में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि हम हमेशा यहीं थे, कभी नदारद नहीं रहे। उन्होंने कहा कि अब मीम बनाने वाले कह सकते हैं कि 'लापता जेंटलमैन' वापस आ गए हैं। चुनाव के परिणाम पर बोले सीईसी- मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित करने के लिए अपनाई जाने वाली मतगणना प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से मजबूत है। यह घड़ी की सटीकता के समान काम करती है। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी। उसके आधे घंटे बाद ही हम श्वङ्करूकी गिनती शुरू कर देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है।उन्होंने कहा कि अब मैं कल होने वाली मतगणना प्रक्रिया पर विस्तार से आता हूं। मैं पूरी जिम्मेदारी और दृढ़ता के साथ कुछ बातें कहना चाहता हूं। मतगणना और अन्य चुनाव प्रक्रिया के लिए एक बहुत मजबूत प्रणाली है। हर भाग तय है। मतगणना प्रक्रिया संहिताबद्ध है। सिस्टम में कोई समस्या नहीं हो सकती। मानवीय त्रुटि किसी से भी हो सकती है। हम उससे निपटेंगे। पूरी मतगणना प्रक्रिया मजबूत है। पोस्ट पोल हिंसा पर कही यह बात-मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि अगर पोस्ट पोल हिंसा कहीं भी होती है तो इसके लिए हमने पहली बार निर्णय लिया है कि स्ख्र्र्ट के बाद भी कुछ राज्यों में पैरामिलिट्री फोर्स रहेगी। जम्मू-कश्मीर पर भी बोले- राजीव कुमार ने कहा कि हम बहुत जल्द जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेंगे। जयराम रमेश के आरोप का दिया जवाब- कांग्रेस नेता जयराम रमेश के इस आरोप पर कि केंद्रीय गृह मंत्री ने डीएम/आरओ (रिटर्निंग ऑफिसर) को फोन किया, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है?...क्या कोई उनको (डीएम/आरओ) प्रभावित कर सकता है? हमें बताएं कि यह किसने किया, हम उसको सज़ा देंगे...यह ठीक नहीं है कि आप अफवाह फैलाएं और सभी को शक के दायरे में ले आएं। दो सीख भी बताईं- चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस चुनाव से हमें दो सीख मिलीं। पहली- चुनावों से सबसे बड़ी सीख यह है कि मतदान प्रक्रिया गर्मियों से पहले पूरी हो जानी चाहिए। और दूसरी- चुनाव आयोग गलत मतदाता सूची और मतदान के आंकड़ों के बारे में झूठी कहानियों को समझने में विफल रहा। इससे लड़ने के लिए और तैयारी करनी होगी। भारत ने लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ वैश्विक रिकॉर्ड बनाया। सीईसी राजीव कुमार ने सोशल मीडिया पर चुनाव आयुक्तों को %लापता सज्जन% कहे जाने वाले मीम्स पर कहा कि हम हमेशा से यहां थे, कभी गायब नहीं हुए। दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल, 1.5 करोड़ पोलिंग एवं सुरक्षाकर्मी शामिल थे। 2024 के लोकसभा चुनाव कराने में करीब चार लाख वाहन, 135 विशेष ट्रेनें और 1,692 हवाई उड़ानों का इस्तेमाल किया गया। चुनावों तक उप चुनाव आयुक्त प्रत्येक चरण के मतदान के बाद मीडिया ब्रीफिंग करते थे, लेकिन उसके बाद यह प्रथा खत्म कर दी गई थी। इससे पहले रविवार को चुनाव आयोग ने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश से उनके आरोपों पर तथ्यात्मक जानकारी और विवरण मांगा था। रमेश ने अपने एक एक्स पोस्ट में आरोप लगाया था कि मतगणना से कुछ दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 150 जिला अधिकारियों को फोन कॉल किए गए थे। आयोग ने आगे की जरूरी कार्रवाई के लिए रमेश से 2 जून की शाम तक जवाब मांगा था। सात चरणों की मतदान प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हुई- लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को शुरू हुई सात चरणों की मतदान प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हो गई। मतदान संपन्न होने के साथ ही तमाम एजेंसियों ने एग्जिट पोल सामने आ गए हैं। सभी सर्वेक्षण में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है। राजग के तमिलनाडु और केरल में अपना खाता खोलने का अनुमान है। इसके साथ ही कर्नाटक में एकतरफा जीत हासिल करने का अनुमान जताया गया है। दो सर्वेक्षणों ने भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में जीती 303 सीटों से अपनी संख्या में सुधार की भविष्यवाणी की है। अगर एग्जिट पोल सही साबित होते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बाद लोकसभा चुनाव में लगातारक तीन बार जीत हासिल करने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### लखनऊ में शर्मनाक घटना- चबूतरे पर सो रहे मजदूर के चेहरे पर कर दी पेशाब, विरोध पर मारा पीटा

राजधानी लखनऊ के दुबग्गा में एक शर्मनाक घटना घटी। एक युवक ने चबूतरे पर सो रहे एक मजदूर के चेहरे पर पेशाब कर दी। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।राजधानी लखनऊ के दुबग्गा के छंदोइया खेड़ा गांव में रविवार शाम काम से लौटकर मैदान में आराम कर रहे मजदूर के चेहरे पर युवक ने पेशाब कर दिया। विरोध करने पर बुरी तरह मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की पत्नी ने रविवार देर रात नामजद केस दर्ज कराया है। वहीं, पेशाब करते हुए किसी ने वीडियो बना लिया और सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव के बाहर मैदान में बने कमरे के चबूतरे पर सो गया तभी संजय मौर्या ने सोते हुए राजकुमार के चेहरे पर पेशाब कर दिया। विरोध करने पर बुरी तरह मारपीट की जिससे राजकुमार के मुंह से खून आ गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंचने पर संजय के परिजनों ने जान से मारने की धमकी दी और बेटे रोहित को भी जान से मरवाने की धमकी दी। पीड़ित की पत्नी ने रविवार देर रात संजय मौर्या और परिजनों पर केस दर्ज कराया है। डीसीपी पश्चिम डॉ दुर्गेश कुमार के अनुसार राजकुमार और संजय ने काम खत्म करके शराब पी। जिसके बाद राजकुमार सो गया तभी संजय ने चेहरे पर पेशाब कर दी। केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## देश नकारात्मक ताकतों से आजाद होने जा रहा है, लोकसभा चुनाव परिणाम पर बोले अखिलेश यादव



4 जून को लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आने से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया को संबोधित किया और मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर बयान जारी किया।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम घोषित होने से एक दिन पहले मीडिया को संबोधित करते हुए दावा किया कि 4 जून को देश नकारात्मक शक्तियों से आजाद होने जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर बयान दिया। मुद्दों के सहारे मोदी सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाए।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के झूठे राष्ट्रवाद ने देश को नुकसान पहुंचाया। सामाजिक रूप से देश का सौहार्द बिगाड़ा। भाईचारा खत्म किया। जाति से जाति और संप्रदाय से संप्रदायों को लड़वाया। संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण को साजिशन खत्म करने की कोशिश की गई। बेरोजगारों से छल किया। पेपर लीक कराए। देश के लिए आगे बढ़कर लड़ने वालों के लिए अपने मंत्रियों से जानबूझकर अपशब्द कहलवाए। मणिपुर, हाथरस, महिला पहलवान, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार और सबसे खराब व्यवहार किए जाने का रिकॉर्ड बनाया।भाजपा ने आर्थिक रूप से इलेक्टोरल बॉन्ड का ऐतिहासिक भ्रष्टाचार किया। इसके जरिए पैसा कमाने के लिए मुनाफाखोरी को बढ़ावा दिया जिसने महंगाई को बढ़ाया। अपने फायदे के लिए भाजपा ने जनता पर महंगाई थोप दी। नोटबंदी से व्यापार चौपट कर दिया। छोटे दुकानदार को मंदी का शिकार बना दिया। किसानों की जमीन हड़पनी चाही। काले कृषि कानून लाए। खाद की बोरी की चोरी की। लाभकारी मूल्य नहीं दिया। देश को अब तक की सबसे बड़ी बेरोजगारी में धकेल दिया। महंगाई से गरीब को और गरीब कर दिया। अमीरों के अरबों के लोन माफ कर दिए लेकिन किसानों का ऋण नहीं माफ किया। उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। ब्याज की दरें घटाकर मध्यमवर्ग की बचत को बेकार कर दिया। बैंकों में तरह-तरह के चार्ज से लोगों का धन दीमक की तरह खा गए। बैंक लॉकरों के नाम पर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। नैतिक रूप से चंदे का पैसा तक खा गए। केयर के आगे पीएम के नाम का इस्तेमाल कर बाद में हिसाब देने से मना कर दिया। अपराधियों को शामिल करने उनके कृत्यों पर पर्दा डालने जैसे मणिपुर में अपने संघी साथियों द्वारा बेटियों के साथ अमानवीय व्यवहार में और बीएचयू में अभद्रता कांड में, खीरी किसान हत्याकांड में, हाथरस की बेटी से दुष्कर्म, हत्या व कानपुर देहात कांड में जहां मां-बेटी को झोपड़ी में जिंदा जलाकर मार डाला ऐसे अनगिनत उदाहरण भाजपा सरकार के हैं। शारीरिक रूप से देखें तो भाजपा ने लोगों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया। भाजपा ने बिना जांचे परखे वैक्सीन लगवाई। कमीशन लेकर गलत दवाइयों को पास करके लोगों का जीवन खतरे में डाला।

## इंतजार करिए, नतीजे हमारी उम्मीद के मुताबिक ही होंगे, एग्जिट पोल के बाद सोनिया गांधी का पहला बयान

सोनिया गांधी डीएमके कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची थीं। यहां से निकलते वक्त उन्होंने यह टिप्पणी की। इससे पहले सोनिया गांधी ने डीएमके के दिग्गज नेता एम. करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। लोकसभा चुनाव के परिणाम कल यानी चार जून को जारी किए जाएंगे। इससे पहले आए एग्जिट पोल्स में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। इन पोल्स में विपक्षी गठबंधन को 150 के आसपास सीटें मिलने का दावा किया गया है। इस सोनिया गांधी का में पूछे जाने पर उन्होंने करें और देखें। हमें पूरी से बिल्कुल उलट नतीजों से उनकी ने कहा कि हमें दिखाए गए नतीजों गांधी डीएमके लेने पहुंची थीं। यहां इससे पहले सोनिया करुणानिधि को दरअसल, ज्यादातर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के नेतृत्व बहुमत मिल सकता



बीच कांग्रेस संसदीय समिति की अध्यक्ष बयान सामने आया है। एग्जिट पोल्स के बारे कहा कि हमें इंतजार करना होगा। बस इंतजार उम्मीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के नतीजों होंगे।कल यानी मंगलवार को घोषित होने वाले उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर सोनिया गांधी इंतजार करना होगा। नतीजे एग्जिट पोल में से बिल्कुल उलट होंगे। दरअसल, सोनिया कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग से निकलते वक्त उन्होंने यह टिप्पणी की। गांधी ने डीएमके के दिग्गज नेता एम. उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। एग्जिट पोल्स ने अनुमान जताया है कि लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे और वाले एनडीए को लोकसभा चुनावों में भारी है। कुछ एग्जिट पोल्स ने तो एनडीए को 400 से अधिक सीटें दी हैं, जबकि अधिकांश ने अनुमान जताया है कि भाजपा नीत गठबंधन 350 से अधिक सीटें जीतेगा। यह आंकड़ा सरकार बनाने के लिए जरूरी 272 सीटों के बहुमत के आंकड़े से काफी अधिक है। इन्हीं पोल्स में कांग्रेस और अन्य इंडिया ब्लॉक पार्टियों को 150 के आसपास सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। विपक्ष ने एग्जिट पोल्स को खारिज करते हुए दावा किया है कि ये सर्वे काल्पनिक हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा था कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता है, बल्कि इसका नाम %मोदी मीडिया पोल% है। यह मोदी जी का पोल है, यह उनका काल्पनिक पोल है। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि इंडिया ब्लॉक 295 सीटें जीतेगा और सरकार बनाएगा। इससे पहले करुणानिधि की 100वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि करुणानिधि की 100वीं जयंती के अवसर पर डीएमके के अपने सहयोगियों के साथ यहां आकर मुझे खुशी हो रही है। मुझे कई मौकों पर उनसे मिलने, उनकी बातें सुनने और उनके ज्ञान और सलाह से लाभ उठाने का सौभाग्य मिला। मैं उनसे मिलकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस करती थी। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं।

## संपादकीय Editorial

# Some heat, some indifference

With some bangs, dips and fear, finally six Lok Sabha and Assembly by-elections from Himachal were completed. Due to some heat, some indifference and some confusion, the enthusiasm of five years ago did not return to Himachal, yet this state does create an aware group of citizens on the mark of crossing 70 percent. Now it remains to be seen what is the meaning of money power and people power in elections. In these elections, the mess of politics was spread as much as it could. Obviously, the election campaign hurt at some places, and at others it insulted the hill traditions, yet some candidates did not break the walls of animosity. This election was BJP versus Congress between fours and sixes. Congress surprised everyone with its experimentalism by fielding Anand Sharma from Kangra parliamentary constituency, and the importance of the election increased in the ability of this noose. Even though the Mandi ground was filled with discussions, controversies and a different kind of boldness regarding Kangana Ranaut, but the media of the country planted its flags in this parliamentary constituency only. The royal contest of Himachal was held in Hamirpur parliamentary constituency where BJP's Anurag Thakur fought with the eye of history. However, this time political history is examining the entire scenario of Himachal and that is why six by-elections outweighed the parliamentary elections. These elections were fought in the camp of power in the madness of the opposition. BJP handed over its heart to all the rebel MLAs without caring about its cadre, but did not touch the heart of the common worker on ticket allocation, only the results will tell. Actually, politics has been completely exposed in these by-elections and arguments and fallacies were distributed to the public to see in the hamaam. Now it remains to be seen that whom did the public see naked in the hamaam of by-elections or did they accept this nakedness and cast their vote. Whatever it may be, the revelations in the language of by-elections will not let you live peacefully, whether the results come in favor or against someone. Here the public saw only some drama. What the eyelids of hopes and expectations of Himachal saw in the journey from Rajya Sabha elections to by-elections is definitely a sign of bad times. If the balance tilts in favour of one party, then the other party will be attacked and if the public finishes off one party in adverse circumstances, then more toys of arrogance will be sold. This election was full of allegations, but it kept hammering the minds of citizens with a sense of atonement, so the reluctant voting has many complexities of writings and future sorrows attached to it. Will the face of Himachali society be enhanced in the list of candidates or will the distortions of election campaign start going along with it? Whatever it may be, these elections have the courage to blame politics and if the results are able to give a clear indication, then both the parties will have to bear the loss. Did the election campaign reach the platform of fifty-fifty or did some worship OPS with reverence and some worshiped Modi by getting absorbed in his worship. The election campaign has been trying to loot the mind and brain of the voter before making a meaningful effort to get his vote. Now it remains to be seen with how much stability, balance and ideological perspective the Himachali voters convey their message in the election results.

# Exit polls prove 'Abki Baar 400 Paar' is not just a 'jumla'

India Today-Axis My India exit polls predict 361 to 401 seats for NDA.We recently celebrated the biggest festival of democracy. The 18th Lok Sabha elections, which concluded with the seventh phase of polling in 57 constituencies, including Varanasi, where Prime Minister Narendra Modi is seeking a third consecutive term. While the nation is anxiously awaiting the results. Exit polls, including surveys conducted by India Today-Axis My India and News24-Today's Chanakya, are predicting a decisive victory for the BJP-led National Democratic Alliance (NDA), and are projecting 361 to 415 seats.In my opinion, the 2024 Lok Sabha elections have created history, and the results will be equally historic. With Prime Minister Narendra Modi coming back to power, he will create a record as the longest-serving Prime Minister in the history of the country. Meanwhile, discussing the election results prediction, the India Today-Axis My India exit poll has predicted 361 to 401 seats for the NDA. In the 2019 Lok Sabha election, they had predicted 339-365 seats for the NDA, and the actual result was 352 seats, with the BJP alone winning 303 seats. Axis My India's 912 surveyors have taken the opinion of over 500,000 people in 22,288 villages and cities and based on this, the preliminary results have been predicted. Even News24-Today's Chanakya indicates a strong performance for the BJP and has predicted 385-415 seats for the NDA. So, I have no doubt that both the exit polls have correctly gauged the sentiments of voters across the country and PM Modi is all set for a historic third term. However, the India Alliance has dismissed the exit polls, saying they will win at least 295 seats. It will now be interesting to see the election results on June 4.

# Manthan: When will our mistakes be corrected, their correction is necessary for the future of the republic

The first mistake is the corruption of the party system. It is believed that political parties have internal democracy, in which leaders are freely elected and they are accountable to their party colleagues. Indian politics today is completely different from this model. Here political parties are either under the shadow of a personality or have become a family firm.This time the election was very difficult and the whole process was very long. Its results will come in a few days. Whichever party or alliance forms the next government, it will have to face serious challenges which have been pushed back by the election campaign. India today has a long list of mistakes, which if not corrected properly can weaken our future as a republic.The first mistake is the corruption of the party system. It is believed that political parties have internal democracy, in which leaders are freely elected and they are accountable to their party colleagues. Indian politics today is completely different from this model. Here political parties are either under the shadow of a personality or have become a family firm. The Bharatiya Janata Party is a prime example of the phenomenon of personality cults. In the past decade, the entire party and a large part of the government machinery have been working to project Narendra Modi as a divine personality. However, in their geographically limited areas, chief ministers like Mamata Banerjee in West Bengal, Pinarayi Vijayan in Kerala, Arvind Kejriwal in Delhi, Jagan Mohan Reddy in Andhra Pradesh and Naveen Patnaik in Odisha are also acting in the same way. As if they will continue to rule.



Family parties pretending to be democratic institutions are equally responsible for this. There is no doubt that the Congress is primarily responsible for this. It made Priyanka Gandhi the general secretary overnight, ignoring those who have worked for the party for decades. To avoid being left behind by the Gandhi family, Congress president Mallikarjun Kharge gave his old seat of Gulbarga to his son-in-law, even though one of his sons is already a cabinet minister in Karnataka. Similarly, the Rashtriya Janata Dal in Bihar, the SP in Uttar Pradesh and the DMK in Tamil Nadu are parties that have been under the control of the same family. This makes us think how different we are from the political system of Britain that we adopted. Prime Minister Rishi Sunak has no religion or creed. The leader of the main opposition Labour Party, Keir Starmer, does not come from any political family. Both of them have reached where they are today through their hard work and the support of party colleagues. Whenever they lose the confidence of their supporters, they will step down without any fuss and a person with no political pedigree will be elected in their place. The credibility of Indian democracy is further eroded by the fact that citizens can be jailed without trial and kept in jail for years. Laws are used to intimidate and silence not only political opponents but also those who express any kind of dissent. Courts are also involved in such misuse. In short, it can be said that our political shortcomings are hidden behind the facade of claims of being the world's largest democracy. The second claim is of the world's fastest growing economy. Although economic liberalisation has reduced poverty, it has also led to massive inequality. Employment has not increased. Unemployment is highest among the educated classes and women's participation in the labour force is very low. India's economy is mixed and its environmental record has been disastrous. The water crisis in Bengaluru, India's most economically 'prosperous city', and the high air pollution rate in New Delhi, India's 'global rising' city, are symbols of how we have misused resources. As I have written earlier, a major issue for us is the environmental crisis. Toxic air, falling water tables, contaminated soil and vanishing biodiversity threaten the livelihoods and health of millions of Indians and raise serious questions about the future and whether our industrial and economic resources are sustainable. The Congress party, which has been in power for several decades, bears the greatest responsibility for this. It says that the situation has worsened since Narendra Modi took power in 2014. What we call the communal problem is also not new. The Muslims who stayed back in India after the creation of Pakistan were assured by the first prime minister, Jawaharlal Nehru, that they would get the same civil rights here as they did in Pakistan. But they were often viewed with suspicion. The divide between religions grew during Rajiv Gandhi's rule as he encouraged bigotry among both Hindus and Muslims. The sense of insecurity among India's largest minority grew manifold since 2014, as the ruling party at the centre made its Hindu majoritarian ambitions clear for the first time in the history of the independent nation. Religion dominated political and public life, with the prime minister presenting himself as a Hindu king sent by god to earth to protect Hindus. It will remove all the troubles of the Muslims. As a result, Indian Muslims have never felt so threatened as they are now. What this portends for the future is hard to say. One final problem I would like to raise is the relationship between the state and central governments. BJP supporters love to discuss Jawaharlal Nehru's dismissal of the Left government in Kerala in 1959 and Indira Gandhi's repeated use of Article 356, but their attitude towards states ruled by other parties has not been good. Under Narendra Modi and Amit Shah, less attention has been paid to states not ruled by the BJP. Elected chief ministers have been mocked. Governors have been deliberately appointed who, driven by a sense of malice, have obstructed the work of the state government at every turn. Even by removing tableaux from states ruled by other parties from important events like the Republic Day parade, it has been clear that they will not rest until every state in India is ruled by the BJP. This behaviour smacks of authoritarianism and autocracy. We have just seen millions of Indians exercise their franchise in the general election. However, it is fair to say that these votes were cast in the context of an unrepresentative party, compromised institutions, undemocratic laws, a declining economy, insecure minorities and growing tensions in the federal structure. The first task for any government that comes to power in the future will be to correct all these wrongs.

# सुपारी किलर के फोन से जिपं सदस्य के परिवार में दहशत, पहचान करने में जुटी पुलिस

मुरादाबाद। वार्ड-22 के जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद नावेद को सुपारी किलर का फोन आने के बाद से जहां पीड़ित व उसके परिवार में भय की स्थिति है, वहीं पुलिस के भी होश उड़े हैं। सुपारी किलर सदस्य को कॉल कर उनका नाम-पता कंफर्म कर रहा था। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना देरी किए पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की और अपरिचित कॉलर का पता लगाने को तकनीक विशेषज्ञों का भी सहारा ले रही है। थाने की भी पुलिस टीम अपरिचित की पहचान करने में जुटी है। ताहरपुर अब्बल निवासी जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद नावेद ने बताया कि वह शुक्रवार शाम लखनऊ में सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात करके लौट रहे थे। जब वह करीब 7 बजे सीतापुर के आसपास पहुंचे तो अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर कॉल किया। उनका परिचय पूछा। बात करने वाले ने कहा कि मैंने तुम्हें गोली मरने की सुपारी ले रखी है। यह बात सुनकर नावेद ने उसके बारे में जानना चाहा लेकिन, उसने कुछ नहीं बताया। नावेद के मुताबिक, उनकी युवक से 32 सेकेंड बात हुई थी। इसके बाद दूसरे दिन शनिवार की शाम को भी उसी अज्ञात व्यक्ति ने तीन बार मोबाइल पर और कॉल की, जिसे उन्होंने रिसीव नहीं किया। जिला पंचायत सदस्य ने फोन करने वाले से जान-माल का खतरा जताया है। उन्होंने बताया कि उनके अब तक के जीवनकाल में कभी किसी से उनका कोई विरोध या झगड़ा नहीं रहा है। न ही आज तक उन्होंने किसी के विरुद्ध कोई एफआईआर दर्ज कराई थी। अब पहली बार उन्होंने थाने में किसी अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी थी। नावेद ने कहा, भला उनके साथ ऐसा कोई भद्दा मजाक क्यों करेगा, हो सकता है कि सुपारी किलर नशे की हालत में आकर उनको फोन कर नाम-पता पूछने लगा हो। फिलहाल, मैनाठेर थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि एफआईआर दर्ज की है। जांच की कार्रवाई के क्रम में सीडीआर निकलवाई है। पूरे मामले को बारीकी से देखा जा रहा है। आरोपी की पहचान कर तलाश की जा रही है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख मो. जुबेर के बेटे हैं नावेद- मोहम्मद नावेद कुंदरकी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख मोहम्मद जुबेर के बेटे हैं। उन्होंने बताया कि संभल-मुरादाबाद मार्ग पर ताहरपुर में उनका किंग एचपी फ्यूल स्टेशन है, जिसके वह खुद मालिक हैं। इसके अलावा ईंट भट्ठा भी है।

**♦वार्ड 22 के सदस्य मो. नावेद को फोन कर सुपारी किलर ने पूछा परिचय, पहले शुक्रवार को फिर आरोपी ने शनिवार को भी की थी तीन बार कॉल**

# पहले शादी का झांसा, फिर ब्लैकमेल कर करता रहा दुष्कम...दों भाइयों समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद। पहले तो युवक ने शादी का झांसा दिया, फिर ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने पुलिस को बताया है कि तीन साल पहले उसकी जान पहचान रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के गांव सिंगनी निवासी आजम से हुई थी। आरोपी ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया। बाद में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की अश्लील फोटो-वीडियो बना ली थी। सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर आरोपी बीते करीब तीन साल से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब भी वह शादी के लिए कहती तो आरोपी टालमटोल कर देता। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि आरोपी ने होटल में ले जाकर अश्लील वीडियो दिखाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। 27 मई 2024 की शाम करीब छह बजे वह घर पर अकेली थी। परिवार वाले खेत गए थे। उसी समय आजम घर आ गया और उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने साथ गांव ले गया। रास्ते में सिंगनी गांव से पहले एक नलकूप पर ले जाकर भी उसके साथ संबंध बनाए थे। पीड़िता ने बताया कि आरोपी अपने घर ले गया तो वहां उसके पिता मोहम्मद अहमद, बहन समसा व शबाना ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी थी। उसके भाई गुलफाम और इमरान ने पीड़िता के साथ मारपीट और छेड़छाड़ की। साथ ही धमकी देकर कहा कि आजम का पीछा छोड़ दे नहीं तो जान से मार देंगे। इन लोगों ने पीड़िता को धक्के देकर घर से निकाल दिया। इसके बाद पीड़िता ने 112 पर कॉल कर मदद मांगी थी। पुलिस के आने से पहले आरोपी वहां से भाग निकले थे। बाद में रामपुर के सैदनगर पुलिस चौकी प्रभारी ने पीड़िता के परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया था। इसके बाद पीड़िता भोजपुर थाने पर पहुंची और वहां उसने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी थी। सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर भोजपुर थाना पुलिस ने आरोपी आजम, उसके पिता, दो बहनों और दो भाइयों समेत छह के खिलाफ दुष्कर्म, छेड़छाड़, मारपीट, धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

## कारसदेव बाबा का भंडारा सात जून को आयोजित,छह जून को अखण्ड रामायण का पाठ होगा

क्यूँ न लिखूँ सच-पवन कुमार

कोंच( जालौन ) परम् पिता परमेश्वर और श्री कारस देव बाबा की असीम कृपा से दिनांक 7 जून दिन शुक्रवार को श्री कारस देव बाबा का भंडारा होने जा रहा है

6 जून गुरुवार को अखण्ड रामायण का पाठ प्रारम्भ होगा यह कार्य क्रम कारस देव बाबा का स्थान केलादेवी मन्दिर के पास तिलक नगर नरिया कोंच मे आयोजित होगा

इस धार्मिक आयोजन के आयोजक विजय सिंह यादव ने बताया है की इस कारस देव बाबा के भंडारे मे गोटिया मय ढ़ाक के समाज सहित पधारने की कृपा करे

इस धार्मिक आयोजन को लेकर सभी जरूरी तेयारिया की जा रही है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## रोजगार सहायक के पति और मेंट द्वारा भरा जा रहा फर्जी मस्टर रोल सरकार को लगा रहे लाखों का चूना

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर। जनपद पंचायत ओडगी के ग्राम पंचायत बिहारपुर में मनरेगा के तहत चल रहे अमृत सरोवर योजना अंतर्गत तालाब गहरी करण निर्माण कार्य में फर्जी हाजिरी भरकर लाखों का राशि आहरण करने की बात सामने आ रही है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा के द्वारा खबर के माध्यम से कलेक्टर से की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बिहारपुर में अमृत सरोवर योजना अंतर्गत तलाब गहरी में लगभग 1236 लाख रुपए की लागत से बन रहे तालाब का निर्माण कार्य चल रहा है। उक्त निर्माण कार्य में रोजगार सहायक सुशिला सिंह के पति अवधेश सिंह के द्वारा पुरा रोजगार सहायक सचिव का काम किया जा रहा है एवं मेंट रामलल्लु कोल रमेश बैस के द्वारा फर्जी हाजिरी भरकर राशि आहरण करने बात ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि राजनैतिक प्रतिद्वंदता के कारण रोजगार सहायक एवं मेंट द्वारा दूसरे गांव के मजदूरों के नाम पर भी हाजिरी भर दिया जाता है। इस पूरे मामले की खबर प्रकाशित हो जाने के बाद संबंधित विभाग जांच के उपरांत क्या उचित कार्यवाही करती है यह देखने वाली बात होगी। या संबंधित अधिकारी साठ गांठ करके लिपा पोती करते हैं



# जीआई सर्वे से बढ़ा 30 गुना हाउस टैक्स, महानगर के निर्यातकों में रोष

मुरादाबाद। महानगर में हुए नगर निगम के जीआई सर्वे को लेकर लोगों में रोष है। आरोप है कि गलत सर्वे का नतीजा गृहकर दाता भुगत रहे हैं। बीते दिनों इस समस्या को लेकर कुछ निर्यातकों महापौर और अपर नगर आयुक्त मुलाकात कर बताया कि जहां कुछ माह पहले तक 400 रुपये गृह कर दे रहे थे, वहां अब 12 हजार रुपये देने पड़ रहे हैं। परेशान होकर आए दिन लोग निगम के चक्कर काट रहे हैं। 30 गुना तक बढ़ाए गए टैक्स को निर्यातकों ने दुरुस्त किए जाने की मांग की है। निर्यातकों का कहना है कि हाउस टैक्स तो बढ़ा दिया, लेकिन महानगर के ज्यादातर मोहल्ले में जो सड़कें जर्जर स्थिति में हैं,

उसे दुरुस्त कराने के लिए जिम्मेदारों ने एक बार भी नहीं सोचा। निर्यातकों का कहना है कि हाउस टैक्स कम होना चाहिए। वहीं अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने आश्वासन दिया कि गृहकर जमा करने के लिए अलग से एक काउंटर तैयार कराया जाएगा। जिसके बाद किसी को यह लगता है कि सर्वे के बाद उसका टैक्स निर्धारण गलत हुआ है तो वह संबंधित जोन में जोनल अफसर और कर अधीक्षक के पास जाकर आपत्ति दर्ज करा सकता है। जांच कर उसे दुरुस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर जोनल स्तर पर सुनवाई नहीं हो तो मुख्यालय आकर मिल सकते हैं। शिकायत का निस्तारण जरूर किया जाएगा। एक तो छोटे निर्यातक पहले ही परेशानी झेल रहे थे। अब हाउस टैक्स 30 गुना बढ़ा दिया गया है।

जिससे छोटे निर्यातकों व कारोबारियों को काफी परेशानी होगी। इसलिए नगर निगम के अधिकारियों को हाउस टैक्स कम करना चाहिए। - नावेद खान, निर्यातक उद्यमी पहले से मंदी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में जिम्मेदारों को हाउस टैक्स को कम करना चाहिए। इस संबंध में महापौर विनोद अग्रवाल व अपर नगर आयुक्त से भी निर्यातकों ने मुलाकात की थी। इस पर उन्होंने जल्द ही इसका निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।- नावेद उर रहमान, निर्यातक

## मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारी के लिए आईटीआई पर्री में किया गया रिहर्सल

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में 04 जून 2024 को होने वाले मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारियों को पुख्ता करने के लिए आज आईटीआई पर्री में रिहर्सल किया गया। जहां काउंटिंग ऑब्जर्वर श्री ए.बी. विजय कुमार व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतगणना के सफल संपादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्धारित समय के पूर्व ही मतगणना स्थल पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया ताकि मतगणना कक्ष में सभी का प्रवेश तय समय में सुनिश्चित किया जा सकें। मतगणना कार्य से संबंधित मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माइक्रो ऑब्जर्वर, एजेंट, प्रेस एवं मीडिया, अभ्यर्थी के आने-जाने के रूट के लिए यह मॉक ड्रिल किया गया ताकि मतगणना तिथि के दिन सभी अपने दायित्व से परिचित रहें और मतगणना कार्य का सफल संपादन कर सकें। उद्घोषक कक्ष से हर राउंड की जानकारी दी जाएगी। सुबह निर्धारित समय के पूर्व ही सभी अपने टेबल पर ड्यूटी के लिए तैनात रहेंगे। सुबह 08 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा। मतगणना दिवस के दिन गोपनीयता भंग न हो इसके लिए मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। पान, गुटखा, बीड़ी एवं अन्य मादक पदार्थ भी प्रतिबंधित रहेगा।विधानसभा क्षेत्र 04 प्रेमनगर में 20 राउण्ड में मतगणना संपन्न होगी, जबकि विधानसभा 05 भटगांव और 06 प्रतापपुर में मतगणना 22 राउण्ड में संपन्न होगी। प्रत्येक राउंड में 14 टेबल में गणना टेबल से गणना का कार्य होगा। इसके साथ ही डाक मतपत्रों की गणना रिटर्निंग ऑफिसर मुख्यालय अंबिकापुर में होगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र पैकरा, तीनों विधानसभा के एआरओ व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थें।



## संक्षिप्त समाचार

### 24 साल की युवती नाबालिग प्रेमी को भगा ले गई, मां के जेवर और रुपये भी ले गया किशोर, कहानी सुन पुलिस हैरान

मुरादाबाद में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। मझोला क्षेत्र की रहने वाली 24 साल की युवती नाबालिग प्रेमी को साथ लेकर चली गई। इसके बाद उसके परिजनों को फोन पर शादी की बात कही। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।मझोला थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय युवती 17 साल के किशोर को साथ लेकर चली गई। किशोर के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवती के खिलाफ केस दर्ज किया है। पिता का कहना है कि उसका बेटा घर से 40 हजार रुपये की नकदी और मां के गहने भी ले गया। मझोला के पैपटपुरा क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने शनिवार को एसएसपी के समक्ष पेश होकर बताया कि उसका बेटा 17 वर्ष का है।बेटे को मझोला क्षेत्र के गांगन वाली मैनाठेर निवासी 24 वर्षीय युवती ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। 25 मई को युवती किशोर को अपने साथ भगा कर ले गई। जाते समय किशोर घर से 40 हजार रुपये की नकदी और मां के जेवर भी अपने साथ ले गया। 27 मई की सुबह करीब नौ बजे उसके पास एक कॉल आई। कॉल युवती की मां की थी। उसने कहा कि तुम्हारा बेटा मेरी बेटी से प्यार करता है। तुम लोग सोने-चांदी के सात आभूषण और 11 जोड़ी साड़ी लेकर आ जाओ। हम दोनों की शादी करा देंगे। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि को आरोपी युवती और उसके परिवार वालों केस दर्ज किया गया है। किशोरी को अगवा कर ले गया नोएडा का युवक- मूंढापांडे थाना क्षेत्र से एक किशोरी लापता हो गई। उसकी मां ने नोएडा निवासी आकाश के खिलाफ अगवा करने के आरोप में केस दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि वह मजदूरी करने परिवार के साथ नोएडा सेक्टर 31 गई थी। 17 वर्षीय बेटी भी साथ थी। वहां आकाश वाल्मीकि बेटी से बातचीत करता था। महिला को शक हुआ तो वह अपनी बेटी को लेकर गांव आ गई थी। 29 मई की शाम बेटी अचानक लापता हो गई। आरोप है कि आकाश उसकी बेटी को अगवा कर ले गया है। आकाश नोएडा के सेक्टर 26 में रहता है। मूंढापांडे थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी आकाश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। शराब पीकर टंकी पर चढ़ी युवती, पुलिस ने उतारा- पाकबड़ा में रविवार की दोपहर नया मुरादाबाद के सेक्टर 5 में बनी पानी की टंकी पर शराब के नशे में एक युवती चढ़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और युवती को नीचे उतार कर उसके परिजनों को सौंपा है। थाना क्षेत्र के मालीपुर गांव निवासी एक युवती पाकबड़ा में रहती है। जिसके घर में रहती है। उस घर में उसका किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। युवती ने शराब पी रखी थी। इसके बाद युवती घर के पास नया मुरादाबाद योजना के सेक्टर पांच में बनी पानी की टंकी के ऊपर चढ़ गई और शोर मचाने लगी। मामले की सूचना पाकर पुलिस भी आ गई और पुलिस ने उसे जैसे तैसे नीचे उतारा और उसके परिजनों को सौंप दिया।

### फर्जी कॉल सेंटर चलाकर बेरोजगारों को ठगने वाले 9 गिरफ्तार, एसएसपी ने किया खुलासा



मुरादाबाद। फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर नौकरी के नाम पर बेरोजगारों को ठगने वाले 9 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है।

यह लोग अमरोहा में अपना जाल बिछाए थे। सोमवार को मुरादाबाद नगर कोतवाली क्षेत्र की एक बैंक में खाता खुलवाने के लिए आए थे। इस दौरान गैंग के दो सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इसके बाद अन्य सभी कुल 9 अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इनके पास से पुलिस ने 10 सिम कार्ड, 12 आधार कार्ड, 8 पैन कार्ड, दो लैपटॉप समेत काफी सामान बरामद किया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# ग्राम पंचायत फुलवारी में जल जीवन योजना हुई विफल ग्रामीण पानी के परेशान

क्यूँ न लिखूँ सच
घनश्याम प्रसाद शर्मा



देवेंद्र नगर- शासन द्वारा गांव-गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके हर घर जल देने की योजना का शुभारंभ किया गया इसी क्रम में ग्राम पंचायत फुलवारी में भी लगभग 55 लाख की लागत से जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी निर्माण एवं घर-घर पाइपलाइन डाली गई बीते 1 वर्ष होने के बाद भी आज तक फुलवारी पंचायत में पानी सप्लाई चालू नहीं हुई जबकि ग्रामीणों का यह कहना है की टंकी सिर्फ नाम मात्र की बनी हुई है पूर्व सरपंच द्वारा जो पंचायत के लिए सप्लाई लाइन डाली गई थी इस सप्लाई लाइन से आज के इस कठिन समय में गांव को पानी दिया जा रहा है लेकिन ठेकेदार द्वारा आरोप लगाया जा रहा है की सरपंच द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जो टंकी निर्माण एवं बटार सप्लाई को हस्तांतरित नहीं जा रहा जबकि इस काम में कई विसंगतियां हैं किसी कारण से इस योजना को सरपंच एवं सचिव द्वारा हस्तांतरित नहीं किया गया जनता की माने तो सरपंच द्वारा पुरानी नल जल योजना के अंतर्गत जो कार्य हुआ था वह पूरे गांव को पानी देता था लेकिन जो जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य हुआ है 1वर्ष बाद भी सिर्फ दिखावे के लिए हुआ और फोटो खिंचवाने के लिए हुआ सरपंच द्वारा बताया गया कि शासन ने उन्हें एक नोटिस दिया है जिसमें यह दर्शाया गया है कि फुलवारी में ठेकेदार द्वारा 6 में सप्लाई दी गई लेकिन जनता द्वारा यह बताया गया है कि यह सप्लाई बिल्कुल चालू नहीं हुई साथ ही साथ नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है की सरपंच द्वारा टंकी वाले स्थान पर ताला तोड़कर जबरदस्ती की गई और गांव में पड़ी हुई वाटर सप्लाई से छेड़छाड़ की गई जबकि ग्रामीणों द्वारा इस बात पर पूर्ण रूप खंडन दिया गया की सरपंच द्वारा किसी भी प्रकार से शासन की संपत्ति को हानि नहीं पहुंचाई गई जबकि ग्रामीणों द्वारा परेशान होकर ही पंप हाउस का ताला तोड़ा गया एवं यह काम किया गया सरपंच को ग्रामीणों द्वारा अपना सहयोगी बताया गया एवं यह भी बताया गया और यह नहीं होते तो इस गर्मी में हम लोगों का बहुत बुरा हाल होता जबकि ठेकेदार द्वारा रखे हुए व्यक्ति द्वारा यह स्पष्ट रूप से बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने पानी सप्लाई के लिए मना किया हुआ है जबकि वह व्यक्ति स्वयं ऑटो में दो ड्रम रखकर इस टंकी से पानी भर के ले जाते हैं तो क्या इस टंकी में इन्हीं का एकाधिकार है या शासन इन ग्रामीणों के साथ में एवं सरपंच,सचिव के साथ में न्याय पूर्वक कार्य करेगी

# पुलिस कर्मियों के वेलफेयर हेतु पुलिस लाइन में भोजनालय का सौंदर्य करण

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने पुलिस कर्मियों के वेलफेयर हेतु आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुलिस लाइन में बने भोजनालय का सौन्दर्यीकरण कराया गया। जिसमें पुलिस लाइन में निवास करने वाले अधिकारीध्कर्मचारीगण व अन्य कर्मचारीगण को पौष्टिक भोजन मिलता है। मेस भवन में मनोरंजन के साधन एलईडी टीवी के साथ- साथ ठण्डा पेय जल के लिये वाटर कूलर, फ्रीज व ताजी हवा के लिये कूलर, पंखे आदि की व्यवस्था की गयी है। भोजनालय में लगभग 70 पुलिस कर्मी एक साथ बैठ कर भोजन कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन पुलिस कर्मियों को निर्धारित मीनू चार्ट के अनुसार पौष्टिक तथा समय पर भोजन प्रदान करने व भोजनालय में बेहतर साफ-सफाई रखने हेतु मेस मैनेजर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस की एण्टी रोमियों टीम ने चलाया मिशन शक्ति अभियान



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण उददेश्य से जिले में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर महिला पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत वूमेन पावर, महिलाओं व बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के उददेश्य से जागरूक किया जा रहा है। जिले के भिनगा नगर, इकौना, गिलौला, मल्हीपुर, सिरसिया, बीरगंज सहित अन्य नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चौराहों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को पुलिस आत्म सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। मिशन शक्ति अभियान के फेज चार के अर्न्तगत शासन के दिशा निर्देशों के क्रम में महिला पुलिस की एण्टी रोमियों टीम महिलाओं एवं बालिकाओं के लिये समर्पित डायल 112, हेल्प लाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, सीएम हेल्प लाइन 1076, वन स्टाप सेंण्टर 181, स्वास्थ्य सेवा 102 आदि के बारे में जानकारी दिया।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# मल्हीपुर चौराहा पर पटरियों से अतिक्रमण हटाने की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती । मल्हीपर बैरियर चौराहे पर रोड की परियों पर ठेला लगाने वालों के द्वारा आने जाने पैदल व वाहन आने जाने में हो रही विशेष असविधा। मल्हीपुर चौराहे पर रोड पर ठेला व दुकानदारों द्वारा दुकान लगाकर भारी अतिक्रमण कर लिया है जिससे आनी जाने वाले वाहन को विशेष असुविधा होती है और आए दिन दुर्घटनाएं व एक्सीडेंट होते रहते हैं। थाना मल्हीपर के चंद कदम दूरी पर रोड की पटरियों पर जबरदस्त अतिक्रमण प्रशासन भी नजर अंदाज किए हुए है जबकि वहीं पर ब्लॉक मुख्यालय थाना मल्हीपर, तहसील जमुनहा होने के नाते काफी भीड़ भाड़ होती है फिर भी जाम होने से वाहन के आने जाने मे कठिनाइयां होती है। इसके अलावा अधिकारियों का आना जाना रहता है लेकिन अधिकारी उसको नजर अंदाज किए हुए है। रोड की पटरियों से अतिक्रमण के हटाने के लिए क्षेत्रवासी व जनप्रतिनिधि ने मांग किया है।



# शामली में कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

क्यूँ न लिखूँ सच-राकेश गुप्ता

शामली।आदर्श मंडी थानाक्षेत्र में कुड़ाना मार्ग पर सेंहटा उपरिगामी पुल के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। दंपती अपने बीमार नाती का हाल जानने के लिए बड़ौत जा रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। बाबरी थानाक्षेत्र के गांव कुरमाली निवासी राज मिस्त्री मैनुदीन ( 58 ) अपनी पत्नी संजीदा ( 54 ) के साथ बाइक द्वारा रविवार की शाम को घर से जिला बागपत के कस्बा बड़ौत जा रहे थे। आदर्श मंडी थानाक्षेत्र में कुड़ाना मार्ग पर गांव सेंहटा उपरिगामी पुल के पास सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार दंपती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। निजी कार से दंपती को सहारनपुर मार्ग स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में दंपती की मौत की सूचना पर ग्रामीण भी अस्पताल पहुंच गए। आदर्श मंडी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। थाना पुलिस का कहना है कि परिजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

# भाजपा प्रायोजित है,चुनाव का एग्जिट पोल: कमलेश्वर पटेल

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा



सीधी - देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया करीब ढ़ाई महीने तक चली। इस दौरान देश भर में एनडीए मोदी सरकार के विरुद्ध जनता में लहर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। बावजूद इसके शनिवार की शाम जो एग्जिट पोल आए वह पूरी तरह से भाजपा प्रायोजित नजर आ रहे हैं। उक्त विचार रविवार को पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री एवं लोकसभा क्षेत्र सीधी से कांग्रेस प्रत्याशी श्री कमलेश्वर पटेल ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान एनडीए की 10 वर्ष की सरकार में लोगों में जबरजस्त आक्रोश देखा जा रहा था। यह आक्रोश किसानों, बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी, नोट बंदी को लेकर थी। जनता के हितों की लड़ाई इंडियन एलायंस ने सडक़ पर उतर कर लगातार लड़ी। जनता में जबरजस्त आक्रोश एनडीए सरकार को लेकर स्पष्ट रूप से चुनाव के दौरान नजर आ रहा था। मतदान के दौरान भी लोगों का स्पष्ट संदेश आ रहा था कि वह परिवर्तन को लेकर अपना मतदान कर रहेहैं। जनता में मोदी सरकार की गलत नीतियों को लेकर काफी समय से आक्रोश बना हुआ था यह समय-समय पर सामने भी आ रहा था। जिसके चलते लोगों को आभास हो गया था कि मतदान एनडीए सरकार को बदलने के लिए मतदान कर रहे हैं। श्री पटेल ने कहा कि ऐसे में सातवें चरण का मतदान समाप्त होते ही जो एग्जिट पोल सामने आए हैं वह बिल्कुल जनता की भावनाओं के विपरीत हैं। ऐसे में साफ है कि भाजपा प्रायोजित एग्जिट पोल को ही सामने लाया गया है। असली चुनाव नतीजे तो 4 जून को सामने आने वाले हैं। इससे पूर्व भाजपा प्रायोजित एग्जिट पोल सामने लाकर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने का प्रयास किया गया है। मोदी सरकार यह चाहती है कि मतगणना के पूर्व ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मायूसी आ जाए और वह मतगणना के पूर्व ही मानसिक रूप से यह मान लें कि हार होने वाली है। और उसको मालूम है कि 4 जून को पूरे देश में घोषित होने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के झूंठ को पूरी तरह से बेनकाब करेंगे। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने मीडिया से कहा कि वह जनता के बीच लोकसभा चुनाव के आए एग्जिट पोल के बाद जो गलत संदेश गया है उसके संबंध में सच्चाई से अवगत कराएं जिससे उनमें संविधान एवं प्रजातंत्र की रक्षा को लेकर विश्वास जगे।

# लोक सभा निर्वाचन मतगणना के दृनिगत यातायात सुगम सुचारू रूप से संचालन हेतु रूट डयवर्जन

क्यूँ न लिखूँ सच-हारून बक्श

फर्रुखाबाद मे रूट डायवर्जेंट जनपद फतेहगढ़ लोक सभा निर्वाचन मतगणना के दृनिगत यातायात सुगम सुचारू रूप से संचालन हेतु रूट डयवर्जन दिनांक-04.05.2024 को प्रात:04 से कायाक्रम समाप्ति तक सेंटर जेल 1.चौराहा से अईटीअई चौराहा की तरफ से जाने वाले सभी प्रकार के बहाना मसेनी चौराहा से अपने गंतव्य को जाएंगे 2. अईटीअई चौराहा से सेन्ट्रल जेल चौराहा की तरफ जाने वाले सभी प्रकार के बहन लालगेट तिराहा से आईटीआई चौराहा की तरफ से आने वाले बड़े बड़े बहन पूर्णता बंद रहेंगे बड़े बहन दिलवाल से बघार होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे सेंटर जेल चौराहा से कायमगंज की तरफ जाने वाले सभी प्रकार के वाहन बघार 3.दिलवाल होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे कायमगंज की तरफ से सेंटर जेल चौराहा जाने वाले सभी प्रकार के वहां दिलवाल बघार है होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे

# प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को दुसरे हितग्राही का आवास को दुसरे हितग्राही के साथ साठ गांठ करके दे दिया गया गजब का सेटिंग रोजगार सहायक सचिव का

क्यूँ न लिखूँ सच

सुरजपुर जिले के दुरस्त क्षेत्र चांदनी बिहारपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहारपुर में केन्द्र सरकार का सबसे महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना में रोजगार सहायक सचिव के द्वारा दुसरे हितग्राही का आवास दुसरे से 50 50 प्रतिशत के लालच में दुसरे के नाम पर जियो ट्रैकिंग करके बनवा दिया गया है जिस हितग्राही के नाम स्वीकृति हुआ था उसके पास रोजगार सहायक सचिव पंचायत सचिव किया गया घोटाला हितग्राही भगवान दास गुप्ता पिता सुनेसर गुप्ता के नाम पर सन्2020 में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास को भगवान दास विश्वकर्मा /मिश्री लाल को रोजगार सहायक सचिव के पति एवं पंचायत सचिव मिल कर। दुसरा हितग्राही से साठ गांठ करके किसी और का प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना का किया गया बंदर बांट कर लिया गया हितग्राही भगवान दास गुप्ता दर दर भटकाता फिर है यहां तक कि 27/01/2024को जन दर्शन समस्या शिविर बिहार पुर में सुरजपुर जिले के कलेक्टर द्वारा लगवाया गया वहां हितग्राही द्वारा कलेक्टर द्वारा लिखित आवेदन पत्र दिया गया की साहब अब तो रहम करके मेरा प्रधान मंत्री आवास दिलवा दिजीए लेकिन सुरजपुर कलेक्टर द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया वहीं शिव प्रसाद हरिजन का प्रधानमंत्री आवास। शिव प्रसाद विश्वकर्मा को दे दिया गया है जिसके संबंध में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण ओडगी जनपद पंचायत बी सी महेंद्र कुशवाहा के उनके द्वारा कहा गया कि आपके माध्यम से आज मुझे जानकारी मिली तत्काल जांच करवाता हूं जांच सत्य पाया जाएगा तो पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक सचिव के खिलाफ कार्यवाही किया जाऐगा

# पुराना बस स्टैण्ड प्रतिक्षालय में एलईडी के माध्यम से देखें चुनाव परिणाम

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में इलेक्शन ट्रेंड टीवी के माध्यम से आम नागरिक इस बार वास्तविक समय में चुनाव के रुझान, विभिन्न राजनीतिक दल की पार्टी द्वारा जीती और हारी गई सीटो की संख्या, जीते व हारे हुए उम्मीदवार, पार्टी वार चुनावों का पूरा अवलोकन और चुनावों का पूरा परिणाम देख पाएगें। निर्वाचन संबंधित तथ्यों का प्रसारण किया जाएगा।

# राहगीरों को शर्बत पिलवाया, मुल्क और दुनिया की सलामती की मांगी दुआ

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर में नूरी मस्जिद के प्रांगण में युवाओं ने देश, दुनिया एवं फिलस्तीनी मुस्लिमों के लिए अमन -चैन की दुआएं मांगीं ।फिलस्तीन के बैनर लगा कर राहगीरों को शर्बत पिलवाया ।भीषड़ गर्मी में राहगीरों को शर्बत पीने से राहत मिली।इस मौके पर युवा समाज सेवी फरहान खान ने अपनी पूरी टीम के साथ शर्बत की सेवा कार्य किया । इस? पुनीत कार्य में गुल हसन, इमरान शेख ,सोहेल खान ,सनावर खान ,आसिफ, सदाकत ,सोहेल ,निहाल खान , इकरार खान ,शादाब खान ,तौहीद खान ,अय्यान खान,आमीन खां सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# कलेक्ट्रेट से जमोड़ी तरफ एवं जमोड़ी से कलेक्ट्रेट तरफ आने जाने वाले समस्त वाहनों स्वामियों के लिए विशेष सूचना

क्यूँ न लिखूँ सच-अरुण मिश्रा

सीधी - लोकसभा चुनाव 2024 की मतगड़ना नियत दिनांक 04 जून 2024 को संजय गांधी स्मृति कॉलेज ( स्ट्रांग रूम ) में की जाना नियत है जिसमें काफी संख्या क्षेत्रीय जन एवं ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। आम जनमानस के सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये दिनांक 04/06/2024 को रात्रि 02 बजे से मतगड़ना समाप्ति तक कलेक्ट्रेट से जमोड़ी तरफ एवं जमोड़ी से कलेक्ट्रेट तरफ आने जाने वाले समस्त वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्ट्रेट से जमोड़ी तरफ जाने वाले समस्त वाहन अस्पताल तिराहा गांधी चौक लालता चौराहा से गोपाल दास रोड होते हुए जमोड़ी तिराहा निकलना सुनिश्चित करेंगे तथा जमोड़ी से कलेक्ट्रेट की तरफ आने वाले समस्त वाहन नया बस स्टैंड जमोड़ी तिराहे से गोपाल दास रोड तरफ से निकलना सुनिश्चित करेंगे तथा भारी एवं मालवाहक वाहन बाईपास का उपयोग करेंगे। कलेक्ट्रेट तरफ से मतगड़ना स्थल पर जाने वाले प्रत्याशी, उनके प्रतिनिधि, शासकीय कर्मचारी एवं पत्रकार जिनका पास जारी है वे अपने वाहन को कन्या महाविद्यालय ग्राउंड में पार्क कर वहा से पैदल मतगड़ना स्थल तक जायेगे। जमोड़ी तरफ से मतगड़ना स्थल पर जाने वाले प्रत्याशी, उनके प्रतिनिधि, शासकीय कर्मचारी एवं पत्रकार जिनका पास जारी है वे सभी अपने वाहन को संजय गाँधी महाविद्यालय ग्राउंड में पार्क कर वहा से पैदल मतगड़ना स्थल तक जायेगे। मधुरी से कलेक्ट्रेट तरफ आने जाने वाले लोग कन्या महाविद्यालय की बाउंड्री के बगल वाली रोड़ का उपयोग करेंगे।

# गर्मी बढ़ने के साथ ही जल संकट गहराया अधिकारी बने अंजान- पवन सिंह सेंगर


क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा



सीधी - भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष पवन सिंह सेंगर ने जिले में खराब पड़े हैंड पंपों को लेकर जताई चिंता कहा जिले में गर्मी बढ़ने के साथ ही जल संकट भी गहराने लगा है। हालत यह है कि तेजी से भू-जल स्तर के नीचे खिसकने से हैंडपंप भी पानी के बजाय हवा उगलने लगे हैं।जिस वजह से बिगड़े हैंडपंपों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सीधी जिले के किसान संघ के जिला अध्यक्ष पवन सिंह सेंगर ने कहा है कि शहर से लगे नजदीक ग्राम सेंगरान टोला के करीब 6 हैंड पंप एवं पडरा के 3 हैंड पंप आज दिनांक तक खराब पड़े हुए हैं जिसकी कई बार जिला अधिकारी को जानकारी भी दी गई एवं शिकायत के बावजूद आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई लोग पानी के लिए भटक रहे दर-दर गांव -गांव में हवा उगलते हैंडपंप देखें जा रहे हैं।जिनकी मरम्मत करने के प्रति लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। वहीं संविदाकार बिगड़े हैंडपंपों के सुधार कार्य की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। सैकड़ों हैंडपंपों के क्षेत्र में बिगडने से ग्रामीण जनों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बताया गया है कि सैकड़ों गांवों के हैंडपंप महीने भर से बिगड़े पड़े हैं किंतु उनकी मरम्मत नही हो पा रही है। जिसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सहायक यंत्री एवं उपयंत्री से करने पर वह सुधार कार्य कराने की बजाय बहानेबाजी कर रहे हैं। हैंडपंपों के बिगडने से ग्रामीण जनों के पीने के पानी की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। अधिकारी शिकायत मिलने के बाद भी संविदाकार पर यह दबाव नहीं बना पा रहे हैं कि बिगड़े हैंडपंपों के सुधार के लिए सतत अभियान चलाया

# भंडसर में राहगीरों को शर्बत पिलवाया

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा। ज्येष्ठ मास की तपती दोपहरी में गांव के युवा सोनू पटेल,देवेश पटेल, अतुल चौधरी,तौफीक आलम,नहीम ,हरीश,वीरपाल सिंह यादव , चौधरी कुलवीर सिंह ने सोमवार को राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलवाया। जिससे राहगीरों ने राहत की सांस ली। वहीं डॉक्टर येतेन्द्र कुमार,डाक्टर लोटन सिंह ने ग्रामीणों को मिट्टी के बर्तन बांटकर बेजुबान पशु -पक्षियों को दाना -पानी देने की अपील की।

# कड़ी सुरक्षा होगी लोकसभा चुनाव की मतगणना, छावनी में तब्दील किया गया मतगणना स्थल

क्यूँ न लिखूँ सच
श्याम जी कश्यप



फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद जनपद की लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र व पोस्टल बैलेट की मतगणना शहर की सातनपुर मंडी में चार जून को होगी। अलीगंज विधानसभा क्षेत्र की मतगणना जनपद एटा में की जाएगी। सातनपुर मंडी में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए एक-एक एआरओ की टेबल सहित 15-15 टेबल लगाई जाएंगी। इन पर ईवीएम में पड़े वोटों की गिनती होगी। प्रत्येक टेबल पर एक काउंटिंग असिस्टेंट, एक सुपरवाइजर, एक स्टाफ व एक माइक्रो आब्जर्वर सहित चार-चार मतगणना कर्मी तैनात होंगे। इसके अलावा पांचों विधानसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 13 टेबल अलग से लगाई जाएंगी। इसमें प्रत्येक टेबल पर एआरओ, दो काउंटिंग असिस्टेंट, एक सुपरवाइजर व एक माइक्रो आब्जर्वर मतगणना में लगाए जाएंगे। इस हिसाब से कुल 73 टेबल पर मतगणना की जाएगी।

कुल 32 राउंड में होने वाली मतगणना में सबसे पहले विधानसभा क्षेत्र भोजपुर का परिणाम आएगा। सबसे बाद में कायमगंज का परिणाम घोषित होगा। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मतगणना स्थल सातनपुर मंडी मार्ग पर छः बैरियर लगाए जाएंगे जिसमें सेंट्रल जेल चौराहा, सुभेक्षा हॉस्पिटल के पास, के0ए0 कोल्ड स्टोरेज के निकट, मंडी गेट नंबर 3 के सामने, एचपी पेट्रोल पंप के सामने और आईटीआई चौराहा पर बैरियर लगाए जाएंगे। मतगणना के दिन मंडी मार्ग पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एक अपर पुलिस अधीक्षक, छह क्षेत्राधिकारी, 180 निरीक्षक उप निरीक्षक, 900 दीवान व सिपाही की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा दमकल की गाड़ी और एंबुलेंस भी मुस्तैद रहेगी

# लोकसभा चुनाव: वाराणसी में 14 टेबल पर 30 राउंड की होगी मतगणना, दोपहर तक तय हो जाएगा काशी का सांसद



वाराणसी में मतगणना की तैयारी पूरी हो चुकी है। जिले में कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भाजपा के नरेंद्र मोदी और इंडी गठबंधन के अजय राय के बीच मुकाबला दिखेगा। चार मई को दोपहर तक काशी का सांसद तय हो जाएगा। लोकसभा सीट वाराणसी से कुल सात प्रत्याशी मैदान में हैं। मुख्य राजनीतिक दलों से तीन प्रत्याशी हैं। भाजपा, कांग्रेस ( इंडी गठबंधन ) और बसपा से हैं। मगर लड़ाई भाजपा के नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के अजय राय के बीच हैं। पुलिस प्रशासन के स्तर से मतगणना के साथ-साथ सुरक्षा व यातायात आदि को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी एस राज लिंगम ने बताया कि 14 टेबल लगाई जाएंगी और 30 राउंड की मतगणना होगी। पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए एक अलग से टेबल होगी और उस पर आरओ रहेंगे। वहीं कार्मिक वोटों की गिनती व घर-घर जाकर जो वोट डलवाए गए उनके लिए छह टेबल अलग से लगाई जाएंगी। सुबह 8.30 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। वाराणसी जिले में आठ विधानसभा सीट हैं। जिसमें पांच सीटें रोहनियां, उत्तरी, दक्षिणी, कैंट और सेवापुरी वाराणसी लोकसभा में आती हैं। इसी तरह अजगरा और शिवपुर विधानसभा चंदौली लोकसभा सीट में आती हैं और मछलीशहर लोकसभा में पिंडरा विधानसभा आती है। गर्मी से बचाव के सारे इंतजाम सभी राजनीतिक दलों ने भी अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए एजेंट बना लिए हैं और उनकी सूची जिला प्रशासन को सौंप दी है। माना जा रहा है कि दोपहर तक यह तय हो जाएगा कि काशी का सांसद कौन होगा और उसी तरह यह भी तय हो जाएगा कि देश में सरकार किसकी बन रही है। मतदान के दिन गर्मी से कई कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ने की खबरें आईं। इस पर निर्वाचन आयोग ने चिंता जताई है। निर्देश दिए गए कि मतगणना स्थल पर कूलर, पंखा और एसी की व्यवस्था की जाए। ओआरएस घोल और पेयजल व भोजन की अच्छी व्यवस्था रहे। किसी भी कर्मी की तबीयत नहीं बिगड़े इसका खास ध्यान रखा जाए। ऐसे होगी मतगणना हर विधानसभा क्षेत्र की 14 टेबल लगाई जाएंगी। इन 14 टेबलों पर 14 बूथों की गिनती एक राउंड में होगी पूरी। एक टेबल पर मतगणना के आंकड़ों का होगा मिलान। पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए छह टेबल आरओ कक्ष में लगेंगी। एक टेबल पर चार कर्मचारियों की रहेगी तैनाती। सुबह 6.30 बजे सबसे पहले खुलेगा स्ट्रांग रूम। सुबह 8.30 बजे मतगणना की होगी शुरुआत। सबसे पहले गिनी जाएंगे पोस्टल बैलेट एवं सर्विस वोट। कहां कितना हुआ मतदान सीट मतदान प्रतिशत शहर उत्तरी 54.55 शहर दक्षिणी57.07 कैंट 51.47 वापुरी 60.93 रोहनिया 58.77 चंदौली लोकसभा के अंतर्गतशिवपुर 63.53 अजगरा 65.63

आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना, क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9277776991

## संक्षिप्त समाचार

### एटीएम से बाहर जाने की बात कहने पर गार्ड से मारपीट, युवक ने जमकर मचाया उत्पात



राजधानी लखनऊ में एटीएम में तैनात एक गार्ड के साथ युवक ने मारपीट की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। राजधानी लखनऊ के तालकटोरा थाना क्षेत्र के राजाजीपुरम के कोठारी बंधु पार्क के पास लगे एटीएम में एक युवक ने जमकर उत्पात मचाया और गार्ड के साथ मारपीट की जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।गार्ड ने युवक से एटीएम चैंबर से बाहर जाने के लिए कहा तो युवक भड़क गया और गार्ड से गाली गलौच और मारपीट करने लगा। इस दौरान किसी ने वीडियो बना लिया जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। युवक ने संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया।


### संयुक्त चेकिंग में पकड़ी गई दो बस

क्यूँ न लिखूँ सच-श्याम जी कश्यप

फर्रुखाबाद - जीएसटी विभाग के साथ पकड़ी गई एक गाड़ी जिलाधिकारी डॉक्टर वी के सिंह के निर्देशन में आज क्षेत्राधिकारी यातायात जयसिंह, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार की टीम द्वारा फर्रुखाबाद तथा राजेपुर क्षेत्र में संयुक्त चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान अनाधिकृत रूप से संचालित दो बसों पर कार्यवाही की गई तथा उन पर ?50000 का जुर्माना लगाया गया ,इसके अतिरिक्त अन्य 26 वाहनों का चालान भी किया गया। राजेपुर थाना क्षेत्र में सचल दल वाणिज्य कर के प्रभारी रामनरेश के साथ संयुक्त चेकिंग के दौरान एक माल वाहक को व्यापार कर की चोरी करते हुए पाए जाने पर थाना राजेपुर में सीज किया गया है । उस पर लगाए गए कर का आकलन कार्यालय में किया जाएगा।

### भाभी की आबरू से खेलता रहा देवर...वो समझ बैठी प्यार; हकीकत ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा

पति का साथ छूटा तो देवर पर भरोसा किया। देवर भी उसकी आबरू से खेलता रहा, लेकिन जब बात निकाह की आई तो उसके सारे अरमान आंसुओं में बह गए। देवर की हकीकत ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा। अब भाभी दर-दर की ठोकर खा रही है।फिरोजाबाद के थाना रसूलपुर क्षेत्र में निकाह का झांसा देकर देवर भाभी की आबरू से खेलता रहा। कई बार उसका शारीरिक शोषण किया। इसके बाद उसे दो बच्चे भी हो गए। पीड़िता द्वारा जब निकाह का दबाव बनाया तो उसने दूसरा निकाह कर लिया और परिवार के साथ मिलकर पीड़िता को पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।थाना क्षेत्र की निवासी महिला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया है कि उसका निकाह 11 मार्च 2020 को नैनी ग्लास स्टार पैलेस के पीछे रहने वाले परिवार में हुआ था। शादी के बाद से ही पति अलग रहता आ रहा था। देवर ने निकाह का झांसा देते हुए पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। 12 नवंबर 2021 में एक बेटी तथा 2023 में दूसरी बेटी ने जन्म लिया। पीड़िता का कहना है कि जब उसने देवर जावेद पर शादी करने के लिए दबाव बनाया तो वह मुकर गया, वहीं देवर ने दूसरी महिला से शादी कर ली। घर वालों के साथ मिलकर प्रार्थिया के साथ मारपीट करते हुए घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता किराए के मकान में रहकर गुजर-बसर कर रही है। थाना प्रभारी प्रमोद पंवार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# बरेली में बड़ी घटना: तमंचा लेकर क्लासरूम में पहुंचा आईटीआई का छात्र, सहपाठी को मारी गोली, हालत गंभीर

बरेली के सीबीगंज स्थित आईटीआई में सोमवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक छात्र ने क्लासरूम में अपने सहपाठी को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। बरेली के सीबीगंज में सनसनीखेज वारदात हुई है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ( आईटीआई ) में छात्र ने क्लासरूम में साथी छात्र को तमंचे से गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से आईटीआई में खलबली मच गई। स्टाफ ने तुरंत घायल छात्र को मिनी बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे दूसरे अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। घटना सोमवार को दोपहर करीब 12.30 बजे की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी छात्र को हिरासत में लिया है। छात्र तमंचा कहां से लेकर आया और उसने सहपाठी को गोली क्यों मारी है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। उधर, आईटीआई में हुई घटना से अन्य छात्र स्तब्ध हैं। बैरियर बन हवाई अड्डा निवासी छात्र ड्राफ्टमैन मैकेनिकल फर्स्ट ईयर का छात्र है। वह तमंचा लेकर अपने क्लास रूम में पहुंच गया। इसी दौरान उसने किसी बात को लेकर अपने साथी छात्र को गोली मार दी। घटना से आईटीआई परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीओ द्वितीय व इंस्पेक्टर सीबीगंज राधेश्याम पुलिस बल के मौके पर पहुंच गए। घायल को एक निजी अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। बैग में तमंचा लेकर आया था छात्र- आरोपी छात्र अपने बैग में रखकर 315 बोर का तमंचा लेकर अपनी क्लास में आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी अपने सहपाठी से कहासुनी हुई। दोनो में गाली गलौज होने लगी। इसी बीच आरोपी छात्र ने अपने बैग से तमंचा निकाल कर सहपाठी को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। बताते हैं कि घटना के समय क्लास टीचर मोहम्मद हनीफ क्लास में नहीं थे।



KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# बेटे-पत्नी का कत्ल और सुसाइड: रस्सी से घोंटा गला... चाकू से काटी बीवी की कलाई; इस रिपोर्ट में सामने आई क्रूरता

झांसी के प्रेमनगर के तलैया मोहल्ले में दिल दहला देने वाली घटना हुई है। एक ऑटो चालक ने पत्नी और चार साल के बेटे की हत्या कर खुदकुशी कर ली। युवक ने ससुराल में वारदात को अंजाम दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हैवानियत सामने आई है झांसी के प्रेमनगर के तलैया मोहल्ले में दिल दहला देने वाली घटना हुई है। एक ऑटो चालक ने पत्नी और चार साल के बेटे की हत्या कर खुदकुशी कर ली। युवक ने ससुराल में वारदात को अंजाम दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हैवानियत सामने आई है।झांसी के प्रेमनगर के तलैया मोहल्ले में पत्नी और मासूम बेटे का कत्ल करने वाले नीलेश के सिर पर खून इस कदर सवार था कि उसके अंदर रिश्तों की मोह-माया पूरी तरह खत्म हो चुकी थी। उसने बड़ी बेदर्दी से पहले पत्नी और उसके बाद अपने चार साल के मासूम बेटे को मौत के घाट उतार दिया। रविवार को तीनों के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पत्नी और मासूम की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नीलेश की हैवानियत बयां करती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रियंका के शरीर में चोट के कई निशान मिले। रिपोर्ट के मुताबिक जान गंवाने से पहले खुद को बचाने के लिए प्रियंका ने काफी संघर्ष किया। नीलेश के गला दबाने से प्रियंका अचेत होकर नीचे जमीन पर गिर गई। गुस्से में पागल हो चुके नीलेश ने इसके बाद रस्सी से उसका गला घोंट दिया। वह हर हाल में प्रियंका की जान लेना चाहता था। रस्सी से गला घोंटने के बाद भी जब उसे प्रियंका की मौत का यकीन नहीं हुआ तब वह किचन से चाकू उठा लाया और प्रियंका की कलाई काट दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हिमांशु के शरीर में चोट के निशान नहीं मिले। समझा जा रहा है कि जब पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो रहा था तब हिमांशु सो रहा था। उसी दौरान नीलेश ने हिमांशु का गला दबा दिया। उसे भी हर कीमत पर मार देने के लिए फंदे पर लटका दिया। इसके पहले पुलिस देर-रात में तीनों शव का पोस्टमार्टम कराना चाहती थी लेकिन, नीलेश के होमगार्ड पिता जुगल किशोर के चुनावी ड्यूटी में चंदौली चले जाने की वजह से रात में पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। रविवार दोपहर तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव पठौरिया स्थित उनके घर ले जाए गए। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि तीनों शवों का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। एक घर से उठीं तीन अर्थियां...बिलख रहे थे बूढ़े मां-बाप- रविवार दोपहर पठौरिया मोहल्ला निवासी जुगल किशोर के घर से एक साथ तीन अर्थियां उठीं। यह देख वहां मौजूद हर किसी का कलेजा कांप उठा। हर कोई चार साल के मासूम का शव देखकर दुखी था। सभी का कहना था कि उसने अभी ठीक से दुनिया भी नहीं देखी, ऐसे में उसका क्या कसूर था। बेटे, पोते और बहू की लाश देखकर बूढ़े मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे मोहल्ले के लोग नीलेश के इस खौफनाक कदम से हैरान थे। आसपास रहने वाले लोग भी उसकी इस हरकत की वजह नहीं समझ पाए। मोहल्ले के लोगों का कहना था कि नीलेश शराब पीने का आदी था। अक्सर घर में क्लेश करता था लेकिन, इस क्लेश में वह इतना बड़ा कदम उठा लेगा इस पर किसी को यकीन नहीं हो रहा था। नीलेश के मां-बाप भी अपने बेटे के इस खौफनाक कदम की वजह नहीं समझ पा रहे। नीलेश की मां अनीता बार-बार अपने पोते हिमांशु के शव से लिपटकर बिलख रही थीं। पिता जुगल और मां अनीता बार-बार कह रहे थे कि पति-पत्नी के बीच जो झगड़ा था, उसमें उनके फूल से पोते का क्या कसूर था। आखिर उसे क्यूं मार डाला। रोती-बिलखती अनीता बहू के मायके वालों को भी कोस रही थी। परिवार के लोग किसी तरह उनको संभाल रहे थे। झगड़े की वजह से नाराज होकर चला आया था नीलेश- पिता जुगल किशोर के मुताबिक 20 मई को नीलेश अपनी ससुराल गया था लेकिन, वहां किसी बात पर उसका झगड़ा हो गया था। वह प्रियंका को लेकर लौट आया था। प्रियंका के भतीजे के बर्थडे में बुलाने के लिए उसका भाई मोनू घर आया था। मोनू के काफी मनाने पर नीलेश आखिरकार वहां जाने को राजी हुआ था। पत्नी के साथ नीलेश 28 मई को ससुराल गया था। इसके बाद एक जून को विवाद के बाद नीलेश ने पत्नी और बेटे हिमांशु की गला घोंटकर हत्या कर दी और खुद भी फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी।



# ट्रेन से कटकर दो किशोरियों की मौत, घर से शौच के लिए निकली थीं दोनों; घरवालों ने लगाया हत्या का आरोप

मऊ जिले के सरायलखंसी थाना क्षेत्र के पनियरा गांव में रेलवे लाइन के पास दो किशोरियों का शव मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। घरवालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए एक युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत की है। मऊ जिले के सरायलखंसी थाना क्षेत्र के पनियरा गांव स्थित रेलवे लाइन के पास रविवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मालगाड़ी की चपेट में आने से दो किशोरियों की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए एक युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।यह है पूरा मामला-जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के कोतवाली क्षेत्र कोलबाजबहादुर मोहल्ला निवासी रोशनी ( 13 ) पुत्री श्रवण कुमार बीते शुक्रवार को अपने गाजीपुर जनपद के मरदह थाना क्षेत्र के नखतपुर गांव निवासी मामा लालमणि के यहां आई हुई थी। रविवार की रात अपने ममेरी बहन बबली के साथ शौच करने गई थी। जब देर रात तक वापस नहीं आई तो परिवार के लोगों ने खोजना शुरू किया। काफी देर के बाद भी जब दोनों नहीं मिलीं तो परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की जांच पड़ताल के बीच पनियरा गांव स्थित रेलवे लाइन पर दो किशोरियों की ट्रेन से कटकर मौत की सूचना मिली। जानकारी होने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों शवों की पहचान बबली और रोशनी के रूप में की। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए सरायलखंसी थाने में पुलिस को तहरीर दी है। वहीं थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोनों किशोरियों की ट्रेन से कटकर मौत होने की बात सामने आ रही है। परिवार के लोगों ने तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है।



# नौ माह की गर्भवती पत्नी से हैवानियत की इंतेहा...रात को पति ने की ऐसी दरिंदगी, आईसीयू में करानी पड़ी भर्ती



उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में हैवानियत की ऐसी घटना सामने आई है, जिसे जानकर कांप जाएंगे। हैवान बने पति ने नौ माह की गर्भवती से जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की चीखों को भी उसने नहीं सुना।

गर्भवती की हालत बिगड़ गई। जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। यहां गर्भवती की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे आईसीयू में भर्ती कर लिया है। महिला को मायके जाने की जिद महंगी पड़ गई। पति ने रात में उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

जिससे गर्भवती महिला की हालत बिगड़ गई। वो चीखती चिल्लाती रही, लेकिन पति को उस पर रहम नहीं आया। महिला को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। थाना शाहगंज के साकेत अस्पताल में नौ माह की गर्भवती महिला को लाया गया। उसकी हालत खराब थी। डॉक्टर ने उसे तत्काल ही आईसीयू में उपचार के लिए भर्ती कर लिया। अस्पताल पहुंचे मायके वालों ससुराल वालों ने मारपीट कर दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद मामले की हकीकत सामने आई। बताया गया है कि गर्भवती महिला अपने मायके जाने की जिद कर रही थी। इसी को लेकर पति ने उसके साथ जबरन संबंध बनाए, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद उसे अस्पताल लाने की जगह घर में ही कई तरह की दवाएं खिलाई गईं। जब आराम नहीं मिला तो उसे अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं गर्भवती महिला का उपचार चल रहा है। डॉक्टर उसकी हालत चिंताजनक बता रहे हैं।

# यूपी कॉलेज में परीक्षा देने गई युवती बरामदे से गिरी, घायल; पिता ने बताई ये बात


वाराणसी जिले के यूपी कॉलेज के बरामदे से गिरकर एक छात्रा घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रा एमए फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा देने के लिए कॉलेज आई थी। यूपी कॉलेज में सोमवार को सुबह एमए फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा देने आई छात्रा कॉलेज के बरामदे से नीचे गिरकर घायल हो गई। मौके पर मौजूद छात्रों ने घायल छात्रा को पंडित दीनदयाल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। छात्रा के सिर, नाक की हड्डी टूटने के साथ पैर और शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोटें आईं। वहीं पिता राजीव जायसवाल निवासी पंचकोशी का कहना है कि बेटी की मानसिक स्थिति अभी ठीक नहीं चल रही है। बिटिया की स्थिति टीचर से बताई थी। उसके बाद भी वह बरामदे से कैसे नीचे गिर गई, पता नहीं चल पाया। प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि छात्रा मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# मेरे घर वालों ने की अमन की हत्या.. ओवरब्रिज से नीचे फेंका, प्रेमिका का चौंकाने वाला खुलासा

अमरोहा में चार दिन पहले रेलवे लाइन किनारे मिले अमन के शव मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उसकी प्रेमिका ने अपने घरवालों पर उसकी हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि परिजनों ने अमन को पकड़कर पीटा इसके बाद ओवरब्रिज से नीचे फेंक दिया। चार दिन पहले अमरोहा-जोया ओवरब्रिज के नीचे रेलवे लाइन के किनारे मिले अमन खान की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। उसकी नाबालिग प्रेमिका ने अपनी ही परिजनों पर प्रेमी अमन की हत्या कर शव ओवरब्रिज से फेंकने का आरोप लगाया है।उसने खुद को घटना का चश्मदीद होना बताकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रेमिका को लेने के लिए रवाना हो गई है। 28 मई की सुबह देहात थाना क्षेत्र में अमरोहा-जोया ओवरब्रिज के नीचे रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का शव मिला था। पुलिस ने उसकी शिनाख्त जनपद लखीमपुर खीरी के औरंगाबाद निवासी अमन खान के रूप में की थी। अमन खान के परिवार के लोग नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव बीलना में किराए के मकान में रहते हैं तथा यहीं पर जैकेट कारखाने में काम करते हैं। अमन भी पहले यहीं पर काम करता था लेकिन बाद में काम की तलाश में दिल्ली चला गया था। पुलिस का कहना था कि ओवरब्रिज से गिरने के कारण अमन की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लखीमपुर खीरी ले गए थे। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने शनिवार को थाने में नाबालिग बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को उनकी बेटी की एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई है। जिसमें बेटी ने खुद को लखीमपुर खीरी में अमन के घर होना बताया है। अमन के परिजन भी उसके साथ हैं। बेटी का कहना है कि वह अमन से प्रेम करती थी तथा 27 मई की शाम अमन दिल्ली से नौगांवा सादात उसे लेने आया था। दोनों 27 मई की देर रात अमरोहा रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए थे। ट्रेन लेट होने के कारण वहां से जोया जाने के लिए ओवरब्रिज के नीचे पहुंचे थे। बेटी ने बताया कि वहां उसकी मां के साथ तीन लोग और थे। जिन्हें देख कर वह तो छुप गई थी, लेकिन वह अमन को पकड़ कर पिटाई करते हुए ओवरब्रिज पर ले गए थे। वहां अमन के चेहरे पर ईंट से वार कर घायल कर दिया था तथा बाद में ओवरब्रिज से नीचे फेंक दिया था। वीडियो में उसने बताया कि घबराहट के चलते वह एक ट्रेन में बैठ कर बरेली पहुंची थी। वहां से दूसरी ट्रेन पकड़ कर हरिद्वार तथा फिर कलियर पहुंच गई थी। उसके बाद तीन दिन तक वह लगातार ट्रेन में सफर करती रही। चूंकि उसे अमन के लखीमपुर खीरी के घर के बारे में पता था। शुक्रवार शाम वह अमन के घर औरंगाबाद पहुंची और पूरी घटना के बारे में बताया। बेटी का कहना है कि वह घर नहीं जाएगी, उसकी जान को खतरा है।उसने कहा कि मेरे घरवालों ने अमन की हत्या की है तथा वह इसकी चश्मदीद है। उसने आरोपी परिजनों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है। एएसपी राजीव सिंह ने बताया कि वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस टीम को प्रेमिका को लेने लखीमपुरी खीरी रवाना कर दिया गया है।

# गर्मी से रोहनिया के ऑटो चालक सहित तीन लोगों की मौत, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया तीनों का शव



वाराणसी जिले में गर्मी से जहां लोग बेहाल हैं, वहीं मौत के मामले भी सामने आ रहे हैं। रविवार को तीन लोगों की मौत हो गई। मौत की वजह गर्मी बताई गई है। घटना के बाद चेतगंज, लालपुर पांडेयपुर और रोहनिया थाने की पुलिस ने तीनों का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वाराणसी के चेतगंज, लालपुर पांडेयपुर और रोहनिया थाना क्षेत्र में रविवार को एक युवक, रिक्शा चालक और ऑटो चालक की मौत हो गई। तीनों की मौत की वजह प्रथमदृष्टया भीषण गर्मी बताई गई है। इलाकाई थानों की पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।यह है पूरा मामला-चेतगंज थाना क्षेत्र के पियरिया पोखरी का रहने वाला चंदन सिंह चौहान ( 26 ) शाम चार बजे के लगभग अपने घर के बाहर चबूतरे पर लेटा हुआ था। उसी दौरान उसकी मौत हो गई। चेतगंज थानाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि चंदन शराब पीने का आदी था। वह शराब के नशे में ही चबूतरे पर लेटा हुआ था। आशंका है कि हीट स्ट्रोक के कारण चंदन की मौत हुई है। लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के हुकुलगंज ताड़ीखाना तिराहे के समीप सड़क के किनारे ठेला पर एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव की पहचान नहीं करा सकी। पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों ने बताया कि लगभग 55 वर्षीय व्यक्ति रिक्शा चलाने का काम करता था। उसके नाम की जानकारी कोई नहीं दे सका। सिर्फ इतना ही पता लग पाया कि वह गाजीपुर के भाला, बहरियाबाद का रहने वाला था। शव को मोर्चरी में रखवा कर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। रोहनिया संवाद प्रतिनिधि के अनुसार, भीषमपुर निवासी प्रभाकर सिंह ( 48 ) ऑटो लेकर मोहनसराय की तरफ जा रहे थे। केशरीपुर में उन्होंने ऑटो सड़क किनारे खड़ा किया और उससे नीचे उतर कर बैठे। इसके बाद वह लुढ़क कर जमीन पर गिर गए। स्थानीय लोग उन्हें समीप के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एक बेटे और एक बेटी के पिता प्रभाकर की मौत की सूचना पाकर उनकी पत्नी मधु सिंह और पिता सुरेंद्र सिंह का रो-रोकर बुरा हाल था।

## संक्षिप्त समाचार

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपती और मासूम बेटी की मौत, चार साल का बेटा गंभीर हालत में भर्ती



अमरोहा में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसमें दंपती और उनके दो बच्चे जख्मी हो गए। सभी को अस्पताल ले जाया गया। जहां दंपती और उनकी बेटी की मौत हो गई। बेटे का उपचार चल रहा है अमरोहा के बुरावली क्षेत्र में रहरा हसनपुर मार्ग पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपती और उनकी 2 साल की मासूम बेटी मौत हो गई। बेटा घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक दंपती बाइक पर सवार होकर तेहरवीं में शामिल होने जा रही थे। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी मजदूर नरोत्तम सिंह( 35 ) सोमवार की सुबह को अपनी पत्नी अंकुश देवी ( 33 ), चार साल के बेटे प्रिंस और 2 साल की बेटी कोमल के साथ बाइक पर सवार होकर रहरा थाना क्षेत्र के गांव उकावली में जा रहे थे। उकावली में नरोत्तम की ससुराल है। करीब 10 दिन पूर्व नरोत्तम के ससुर का निधन हो गया था। जिसकी सोमवार को तेहरवीं होनी थी। तेहरवीं में शामिल होने के लिए नरोत्तम का परिवार बाइक पर सवार होकर जा रहा था। हसनपुर रहरा मार्ग पर गांव गंगवार में सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही दो साल की बच्ची कोमल की मौत हो गई जबकि अन्य तीनों घायल हो गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी पहुंच गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से नरोत्तम व उसकी पत्नी को गंभीर हालत में रेफर किया गया है। अमरोहा से मेरठ ले जाते समय पति पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने मासूम बच्ची समेत तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि हादसे में मासूम बच्ची समेत तीन की मौत हुई है। ट्रक को कब्जे में कर लिया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक सवार दंपती को मैक्स ने रौंदा, पकड़ने के लिए दौड़ी पत्नी को उठा ले गया ड्राइवर; फिर ऐसे हाल में मिली

सड़क हादसे में पति की मौत के बाद आरोपी चालक को पकड़ने दौड़ी महिला के साथ ऐसा होगा, उसने सोचा भी नहीं था। आरोपी चालक महिला को ही अपनी गाड़ी में उठाकर ले गया। बाद में वो एक सूनसान स्थान पर घायल पड़ी मिली। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में मैक्स गाड़ी ने बाइक सवार दंपती को रौंद दिया। हादसे में पति की मौत हो गई। पत्नी ने मैक्स का पीछा किया तो चालक उसे उठाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर बाद महिला जीटी रोड पर एजेंसी के पीछे महिला घायल अवस्था में पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है। ये मामला थाना कोतवाली बागवाला के जीसुखपुर का है। बताया गया है कि नगला हिमाचल थाना गंगीरी जिला अलीगढ़ के रहने वाले कमल सिंह अपनी ससुराल पत्नी के साथ बाइक से जा रहे थे। रात में जीसुखपुर के पास एक मैक्स पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कमल सिंह की मौत हो गई। पत्नी आरोपी मैक्स चालक को पकड़ने के लिए पीछे दौड़ी। आरोपी चालक गाड़ी में महिला को उठा ले गया। इसके बाद वो जीटी रोड पर एजेंसी के पीछे पड़ी मिली। घटना की जानकारी महिला ने परिवार के लोगों को दी। उधर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला ने बताया कि आरोपी चालक ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसे फेंक दिया और फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत दर्ज करने के बाद आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।



# जनचेतना का सशक्त माध्यम है नाटक और गीत -साहना

क्यूँ न लिखूँ सच-पवन कुमार

कोंच( जालौन ) भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा इकाई कोंच एवं कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संयुक्त तत्वाधान में दरिद्र नारायण आश्रम में चल रही निशुल्क बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला में प्रतिभागि यों को सम्बोधित करते हुए चेतना का शसक्त माध्यम है उन्होंने कहा कि समाज में बनाम जन संस्कृति के मध्य संघर्ष चल रहा है ऐसे में के प्रति जागरुक करना होगा जिसका सशक्त माध्यम कहा कि नृत्य एक एक्सरासाइज भी है जिसके माध्यम कैरियर बना नेम और फेम भी कमाया जा सकता प्रजापति निशा अहिरवार इकरा खान राज चौधरी प्रमोद संध्या संतोषी अनन्या स्नेहलता अंकिता रौशनी बाबू मोनी राकेश अनुज सहित आधा सैकड़ा लोग




इप्टा महासचिव साहना खान ने कहा कि नाटक और गीत जन अच्छाई-बुराई, पाप-पुण्य नैतिक अनैतिक पूँजीवादी संस्कृति जन चेतना के माध्यम से लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों नाटक एवं गीतों की संस्कृति है नृत्य प्रशिक्षिका राशि याज्ञिक ने से शरीर को चुस्त दुरस्त एवं स्वस्थ रखा जा सकता है इस क्षेत्र में है।इस अवसर पर राजीव अग्रवाल राजकुमार प्रजापति प्रांजुल महाराज सिँह ज्योति रायकवार राधिका हर्ष राज राम आयुष रजक गुड़िया प्राची सोनल आरती सागर अंकुश अभी आरोही खुशी उपस्थित रहे सफल संचालन पारसमणि अग्रवाल ने किया

# Loo is proving to be fatal, Health Ministry has told its symptoms and necessary measures to prevent it

Many states of the country including the capital Delhi-NCR are in the grip of severe heat and heat wave these days. Heatwave has been considered to be a serious risk for health. Exposure to extreme temperatures can have many side effects. It can even prove to be fatal. If we look at the data, it is known that a large number of people die every year due to heatstroke or heat wave. According to the data shared by the National Center of Disease Control (NCDC), more than 16 thousand cases of heatstroke have been reported in the country since March 1, while more than 60 people have died. High temperature can have serious side effects on health. It can increase the risks from brain problems to kidney-liver failure. Regarding the increasing heat in the country and its side effects, the Union Health Ministry has given some suggestions on social media, following which can help in reducing the risks. Let us know what are the symptoms of heat stroke in children and youth and what measures can be taken to reduce its risks? Symptoms of heat stroke in children and youth - The Ministry of Health said, recognizing the symptoms of heatstroke and getting it treated in time can save your life. Be it adults or children, everyone should pay serious attention to this. If you see two or three of these symptoms, consult a doctor immediately. Symptoms of heat stroke in children Lack of desire to eat, lack of appetite. Extreme irritability. Reduction in urine production. Dry mouth and no tears. Persistent lethargy and weakness Heat stroke can cause the body temperature to exceed 104 degrees. Symptoms of heat stroke in youth and adults Problem of dryness in the skin. Skin often remains hot and red. Body temperature remains above 104°F. Severe headache, dizziness and fainting Muscle weakness or cramps Nausea and vomiting Rapid heartbeat48-50 degree temperature is dangerous Health experts say that in many places, the temperature is seen to remain between 48-50 degrees during the day. Such extreme heat can have serious side effects for the body in many ways. Prolonged exposure to such temperatures can lead to potentially life-threatening conditions that may require immediate emergency medical attention. Some people may also suffer from loss of consciousness and seizures due to extreme heat. People who already have heart diseases need to be extra careful during heatwaves as it can also affect the functioning of the heart. Risk of life-threatening problems like heart attack and stroke- Dr. Nitin Sehrawat, a cardiologist at a Delhi-based hospital, says, the increase in temperature can put additional pressure on heart health. It is important to keep paying special attention to heart health during these days. Being exposed to high temperatures for a long time can lead to irregular heartbeat, high blood pressure and risk of heart attack. About a quarter of heat-related deaths are caused by heart disease. High temperatures can also increase blood pressure, increasing the risk of serious and life-threatening conditions such as stroke. How to prevent heat stroke? It is important to keep making some important efforts to stay healthy in the summer season. Drink plenty of fluids throughout the day, even if you do not feel thirsty. Avoid vigorous exercise or going out during peak sun hours (usually between 10 am and 4 pm). Dress according to the weather. Cotton and loose-fitting clothes protect you from the heat. It is important to keep eating a healthy and nutritious diet to keep the heart healthy. Children and the elderly are at a higher risk of heat stroke and related problems, it is important to keep protecting yourself from this.








# If your daily routine is like this, you can become a victim of arthritis at the age of 35, such people should be especially careful

The problem of arthritis was known as a problem that occurs with aging till a decade ago, although now even younger people are falling prey to it. Health experts say that due to lifestyle and dietary disturbances, bone weakness and related problems are being seen increasing. Due to the problem of arthritis, everyday tasks can be hindered, it can also affect the quality of life. If we look at the data, cases of arthritis have been seen increasing rapidly in people below the age of 35 in the last decade. Overweight or obesity has been considered the main reason for osteoarthritis in youth. Let us know what other reasons can be there for this and what measures should be taken to prevent it? Increasing cases of arthritis - Health experts said that being overweight puts additional pressure on the joints, which increases the risk of arthritis. Apart from this, sedentary lifestyle, sitting for long or not exercising can also cause this problem. By making some changes in lifestyle, the risk of arthritis can be reduced to a great extent. Let us know which habits can cause arthritis? If you smoke, be careful- Smoking habit is considered one of the major factors of arthritis, it has also been found responsible for the increased risk of rheumatoid arthritis. There is a risk of increasing stiffness in the joints due to smoking. Health experts say, quitting smoking can help reduce its risks. Health experts said that smokers need to be more careful about the health of the joints. It is important to keep weight under control- Excess weight is considered problematic for the joints, it increases the risk of arthritis, especially osteoarthritis. Maintaining a healthy weight can greatly reduce the risk of arthritis. Along with consuming a healthy and nutritious diet to keep the weight low, regular exercise can also be beneficial. Regular physical activity is most effective in weight management. Regular exercise is very important - Physical activity is important to maintain joint mobility, strengthen muscles and maintain overall health. It also promotes the release of endorphins, which can help manage pain. Include regular exercise such as walking, cycling, swimming or yoga in your routine. Creating an exercise habit can make it easier to both control weight and reduce joint problems.



# Why does nose bleed in summer? Is it a sign of a serious disease?

It is very important to take care of health in summer. Due to strong sunlight and heat, not only does the problem of dehydration in the body increase, but incidents of dizziness and fainting have also been seen more in summer. Along with stroke, allergy, rashes, cases of nose bleeding have also been seen in summer. Cases of nose bleeding have been seen more in children, but adults can also be at risk. Health experts say that there can be many reasons for nose bleeding. However, if someone has excessive or frequent nose bleeding, then it becomes necessary to consult a specialist about this. Let us know why nose bleeds in summer and what measures can be taken to prevent it? Causes of nose bleeding in summer? There can be many reasons for nose bleeding. To manage it effectively, it becomes very important to understand the underlying causes and take measures to prevent it. Health experts say that due to dry air in summer, some people may have a problem of nose bleeding. Dryness in the air can increase irritation in the inner lining of your nose, which increases the problem of dryness and cracks. In this situation, the risk of nose bleeding can also be high. Risk of bleeding - Health experts said that increased temperature during summer days can also be a reason for this. Due to high temperature, the blood vessels of the nose expand, when any kind of pressure is applied on these vessels, the risk of its rupture and bleeding increases. Seasonal allergies can also cause irritation in the lining of the nose, which can increase the risk of swelling and bleeding. How to avoid the risks of nose bleeding? Health experts said that people who have already had this type of risk should keep taking some precautions. Keeping the body hydrated in summer is important to avoid many types of problems occurring in this season. By drinking plenty of water, it is easy to maintain adequate moisture in the body and nasal passage. Use a humidifier at home to maintain moisture in the air and prevent the nasal passage from drying. Avoid staying in the sun for a long time, especially do not go out of the house unnecessarily during the afternoon. Even after these general measures, if you continue to have a problem of nose bleeding, then definitely consult a doctor in time.



# These beauties fell in love with their onscreen sons, know who got married and whose heart broke?

No one can say when, where and with whom one falls in love. It is such a beautiful feeling, which is enough to make one's life happy. At the same time, news of breakups and patch-ups of celebs keep coming from the entertainment world. Also, the murmurs of their madness make a lot of headlines. There are many stories of love in Bollywood. Some transformed their love into marriage without looking at the age difference. So some were seen getting married to their onscreen brother or sister. At the same time, in this article, we are going to tell you about those actresses who fought love with their onscreen sons. Also, some even named their relationship as marriage. Let's take a look at the list of these beauties - Well-known television




actress Kishwar Merchant has married her onscreen son Suyyash Roy. In a show, the actress played the role of Suyyash's mother. During the show, the closeness between the two kept increasing, and later Kishwar and Suyash took seven vows in real life and became one forever. Eva Grover is a well-known name on the small screen. The actress has proved her acting prowess in many shows. It is known that Eva had once fallen in love with her onscreen son Ram Kapoor. Not only this, many pictures of the couple also went viral. However, this relationship did not last long and both parted ways. Rehna Pandit played the role of Zeeshan Khan's mother in the serial 'Kumkum Bhagya'. During the show itself, both of them fell in love and started dating. However, one day the news of their separation broke the hearts of the fans. The reason for Rehna and Zeeshan's breakup has not been known till date. Famous small screen diva Aparna Kumar needs no introduction. Aparna also fell in love with her onscreen son Harshad Chopra. At one time, the news of their relationship made a lot of headlines. However, their relationship did not last long and both moved on in their lives. Bollywood beauty Nargis Dutt played the role of Sunil Dutt's mother in the film 'Mother India'. However, later Nargis fell in love with Sunil Dutt and both even got married.

# These films can bring back the shine of the box office, will hit the theatres in June

In January, the film Hanuman created a stir at the box office. This film collected Rs 57.05 crore in Hindi language. After this, Fighter released, collected more than 200 crores at the ticket window. In February, the pace of earning of films at the ticket window slowed down a



bit. However, Shaitan succeeded in pulling people to the theatres in March, but in the month of April, Bade Miyan Chote Miyan and Maidan flopped at the ticket window. Since then, the shine at the box office has been lost somewhere. However, it is expected that the shine of the box office can come back once again in the month of June. Let's know about those films which can make bumper earnings this month... Munjya-Munjya is a horror comedy film to be released in Hindi language, directed by Aditya Sarpotdar. It has been produced under Maddock Films. Sharvari Wagh, Abhay Verma, Mona Singh and Satyaraj will be seen in important roles in it. Recently its trailer was released, which has been successful in casting its magic on the people. It is believed that this film, which is going to be released on June 7, can earn well at the box office. Bad Boys Ride or Die - Hollywood film Bad Boy Ride or Die is also in this list. Will Smith and Martin Lawrence are going to be seen in the film. It is directed by Adil El Arabi and Bilal Fallah. This film will hit the theaters on June 7. Originally made in English language, this film has the power to rock the ticket window. Chandu Champion - Kartik Aryan's fans have been waiting for the film Chandu Champion for a long time. He has worked hard for this film, which is also clearly visible in the trailer of the film. Directed by Kabir Khan, this film will be released in theaters on June 14. The film has full power to earn well at the box office. Kalki 2898 AD - Kalki 2898 AD is one of the most awaited films of this year. Stars like Deepika Padukone, Amitabh Bachchan and Kamal Haasan will be seen in this film along with Prabhas. This film is going to be released on 27th June and can break all the previous records of earning at the box office.



# Krithi Shetty became a fan of Ram Charan after watching this film, the actress revealed

Krithi Shetty will soon be seen in a film called Maname. Sharwanand is in the lead role with her in this. Recently, during the promotion of this film, the actress revealed why she is such a big fan of actor Ram Charan? Krithi Shetty became famous overnight after the film Uppena became a blockbuster. In this film, her performance as Bebamma managed to win the hearts of the youth. However, after this romantic drama film, she had to face many failures, which affected her career. Krithi Shetty will be seen in Maname - The actress, who has appeared in many films so far, will soon be seen in the family entertainer film Maname. Sharwanand is in the lead role in this. Krithi Shetty has told on many occasions that she is a big fan of Telugu superstar Ram Charan. Recently, when she was asked the reason for this during the promotion of Maname, the actress answered openly. This is why she is a fan of Ram Charan- Kriti Shetty said, "He is a very good actor. After starting shooting for 'Uppena', I saw Rangasthalam and Ram Charan garu's performance won my heart. I have heard a lot about how dedicated he is to his film. He is a wonderful person in real life too. These things made me his fan." When asked if she would ever get the chance to act with her favorite actor? To this Kriti replied, "It would be a great moment in my life. If it happens, I will work harder from my side."

